डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति रविवार को प्रकाशित | 16 से 31 दिसंबर 2023 | वर्ष-40 | अंक-12 | मूल्य ₹ 10.00

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट की

प्रदेश को केन्द्र से मिलेंगे 5727.44 करोड़ रुपये

भोपाल, केन्द्र सरकार ने राज्यों को कर हस्तांतरण की अतिरिक्त किश्त के रूप में 72,961.21 करोड़ रुपये की कर हस्तांतरण राशि की अतिरिक्त किश्त की स्वीकृति दे दी है। जारी की गई किश्त 10 जनवरी 2024 को राज्यों को देय कर हस्तांतरण और 11 दिसंबर 2023 को पहले जारी की गई 72,961.21 करोड़ रुपये की किश्त के अतिरिक्त है। मध्यप्रदेश को दिसंबर 2023 के लिये केन्द्रीय करों और शुल्कों की कुल प्राप्ति 5727.44 करोड़ रुपये मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि आगामी त्योहारों के सीजन और नव वर्ष को ध्यान में रखते हुए, केंद्र सरकार ने विभिन्न सामाजिक कल्याण उपायों और बुनियादी ढांचागत विकास योजनाओं के वित्तपोषण के लिए मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्य सरकारों की मदद के लिए 72,961.21 करोड़ रुपये की कर हस्तांतरण राशि की अतिरिक्त किश्त को स्वीकृति दी है। यह राशि राज्यों के लिए मददगार होगी।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सौजन्य भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल एवं श्री जगदीश देवड़ा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से लोक कल्याण मार्ग स्थित निवास पर सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के विकास से संबंधित विषय पर चर्चा की और प्रधानमंत्री जी से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से सौजन्य भेंट कर प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और मार्गदर्शन प्राप्त किया। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने आशा प्रकट की कि प्रदेश की नई सरकार विकास और प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगी।

संक्षिप्त खबर

6 जनवरी को होगा मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन

भोपाल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री अनुपम राजन ने 6 जनवरी 2024 को प्रकाशित होने वाली फोटो निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में निर्वाचन सदन भोपाल में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इसमें सभी जिलों के उपजिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान श्री राजन ने कहा कि 6 जनवरी को फोटो निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा, ऐसे में सभी जिले लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि एवं मृत मतदाताओं के नाम न हों। जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, वहां पर सहायक मतदान केंद्र बनाएं जाने का प्रस्ताव भेजें। 13 और 20 जनवरी को विशेष कैंप लगाए जाएंगे तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा।

इंदौर के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इंदौर के जनप्रतिनिधियों के विशेष प्रतिनिधि मंडल ने भेंट कर हुकुमचंद मिल, इंदौर के मजदूरों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मजदूरों को मिलने वाली 464 करोड़ रुपए की बकाया राशि को महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से 25 हजार श्रमिक परिवारों के सदस्यों को सीधी राहत मिलेगी। श्रमिकों का यह भुगतान गत 20 वर्ष से लंबित था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में इंदौर जिले के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री ने पांडुर्णा में जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिकों से किया संवाद

मध्यप्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाएंगे - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

जिला पांडुर्णा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्थानीय लोगों को संबोधित किया

- **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को किया प्रोत्साहित।**
- **प्रदेश की जनता के साथ भाई-बहन का नाता।**
- **जनसंवाद सिर्फ एक शुरुआत है।**
- **कर्तव्यों के पालन के साथ रहें जनता के प्रति संवेदनशील।**

पांडुर्णा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी के विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा। प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाएंगे। जनता के हित में लगातार कार्य किए जायेंगे। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पांडुर्णा में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार आप सभी के बीच संवाद करने आया हूं। यह सिर्फ एक शुरुआत है, मैं लगातार आपके बीच आकर संवाद करता रहूंगा। संवाद के इस सिलसिले को जनसंवाद का नाम दिया गया है। जनता से बात करके, जनता की कठिनाइयों को समझ कर हर समस्या का उचित समाधान किया जाएगा।

जनता के साथ भाई-बहन का नाता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ मेरा भाई-बहन का नाता है। इस नाते आप सभी के बीच लगातार आता रहूंगा। आप सभी से बात कर आपकी समस्याओं का निराकरण करूंगा। जो छोटे, नवीन और पिछड़े जिले हैं, उनकी क्षेत्रानुसार स्थानीय कठिनाइयां हैं। इन कठिनाइयों को मौके पर जाकर समझना और समाधान करना जरूरी है। जिला बनने के बाद जिले की स्थानीय परेशानियों को दूर कर उसका विकास करना राज्य शासन का दायित्व है।

जनता के प्रति संवेदनशीलता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शासकीय अमले का कर्तव्य है कि मुस्तैदी से अपना कार्य करें। जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन के निर्देशों का पालन करें। अपने कर्तव्यों के पालन के साथ ही जनता के प्रति संवेदनशील रहें। जनता के हित में लगातार कार्य करते रहें।

प्राकृतिक खेती को किया प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पांडुर्णा के पाथई और कोडिया ग्राम के निवासियों से संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्राम पाथई के कृषक श्री राहुल कुमार से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करते हुए सभी कृषकों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया है। प्राकृतिक खेती से खेती की लागत में कमी आती है और उसके अनुपात में फसल की कीमत अधिक मिलती है। जमीन की उर्वरता बनी रहती है। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिए लाभदायक है। कृषक श्री राहुल ने बताया कि उनकी 10 एकड़ जमीन है।

अपर मुख्य सचिवों को सौंपा गया संभागों में पर्यवेक्षण का दायित्व

भोपाल, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संभाग स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा के लिये होने वाली बैठक के प्रभावी अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के लिये अपर मुख्य सचिवों को संभाग का प्रभारी अधिकारी नामांकित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान को भोपाल संभाग, श्री विनोद कुमार को जबलपुर संभाग, श्री जे.एन. कंसोटिया को रीवा संभाग, श्री राजेश राजौरा को उज्जैन संभाग, श्री एस.एन. मिश्रा को सागर संभाग, श्री मलय श्रीवास्तव को इंदौर संभाग, श्री अजीत केसरी को नर्मदापुरम संभाग, श्री अशोक बर्णवाल को शहडोल संभाग, श्री मनु श्रीवास्तव को चम्बल संभाग और श्री के.सी. गुप्ता को ग्वालियर संभाग का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

विभागों से समन्वय व उनका निराकरण

प्रभारी अधिकारियों को संभागीय स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा ली जा रही बैठकों में दिए गए निर्देशों का पालन कराना होगा। इसके अलावा जिलों में यदि कोई विषय राज्य स्तर के विभिन्न विभागों के समन्वय से संबंधित है, तो इस संबंध में विभिन्न विभागों से परस्पर समन्वय कर उनका निराकरण कराना एवं इस तथ्य को मुख्य सचिव के संज्ञान में लाना होगा। संभाग के प्रभारी अधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का संबंधित जिले में पालन कराना होगा।

संभागीय समीक्षा बैठक

कानून-व्यवस्था बनाये रखने में कोई समझौता नहीं - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विकास कार्य समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सभी कार्यों की निरन्तर मॉनिटरिंग की जायेगी, ताकि जनता के हित में एवं जनता के लिये बेहतर निर्णय लिये जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का हित सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिये कि वे भविष्य के प्रोजेक्ट को देखते हुए शासकीय जमीन आरक्षित करें। उज्जैन सहित बड़े शहरों का जोनल प्लान बनाने की दिशा में पहल करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में सभी विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक में यह बात कही।

अनिवार्य रूप से पालन करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि इस यात्रा से जन-हितैषी योजनाओं का लाभ आम जनता को बेहतर ढंग से मिले। विकसित भारत संकल्प यात्रा में 25 हजार की आबादी प्रतिदिन कवर की जायेगी। इसमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता को शासन द्वारा बनाई गई योजना की जानकारी दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो जायें। सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से इसका पालन करें।

कोई समझौता नहीं किया जायेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति होती है, तो उसके कारकों पर प्रभावी कार्रवाई की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी पुलिस अधीक्षक अपने-अपने थाना क्षेत्र में जोन को मजबूत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्धारित डेसीबल से ज्यादा की ध्वनि पर बजने वाले लाउड-स्पीकरों पर कार्रवाई जारी रहे।

16 दिसम्बर

लॉजिस्टिक्स ईज (लीड्स) 2023 रिपोर्ट जारी

● केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री श्री पीयूष गोयल ने 'विभिन्न राज्यों में लॉजिस्टिक्स ईज (लीड्स) 2023' रिपोर्ट जारी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लीड्स, लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में और क्रांतिकारी सुधार के लिए राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों को गहरी जानकारी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट रणनीतिक जानकारी प्रदान करके लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में हितधारकों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है। यह लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक्स क्षेत्र भारत को 2047 तक 3.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से 10 गुना बढ़ाकर 35 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक ले जाने के हमारे प्रयासों का आधार-स्तंभ होगा।

● केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव

ने देश के विभिन्न जोन/मंडलों, उत्पादन इकाइयों और रेलवे पीएसयू के 100 रेल कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' से सम्मानित किया। उन्होंने रेल कर्मचारियों के बीच सर्वोत्तम पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए 21 शील्ड भी प्रदान कीं। ये पुरस्कार/शील्ड नई दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम में आयोजित 68वें रेल सप्ताह केंद्रीय समारोह में प्रदान किए गए। इस दौरान उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे में बड़े परिवर्तनकारी कार्य पूरी रफ्तार से चल रहे हैं। बीते 40 वर्षों की तुलना में इन हाल के 9.5 वर्षों में ज्यादा विद्युतीकरण किया गया है।

17 दिसम्बर

कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी और गीता महोत्सव आयोजित

● उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने

हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी और गीता महोत्सव का उद्घाटन किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 8वीं अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद दुनिया ने इतनी पीड़ा कभी नहीं देखी जितनी आज दिख रही है। आज हम ज्वालामुखी के मुहाने पर बैठे हैं, एक तरफ इजरायल और हमास का युद्ध तथा दूसरी तरफ यूक्रेन और रूस का युद्ध है। इस संदर्भ में गीता की फिलॉसफी जितनी प्रासंगिक आज है, उतनी इससे पहले कभी नहीं थी। उन्होंने कहा भारत की वर्तमान शासन व्यवस्था को गीता गवर्नेंस कहा जा सकता है क्योंकि यह समावेशी है, सबका साथ सबका विकास में विश्वास रखता है और सबको कानून की नजर में बराबर रखता है।

● भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 213 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने के उपलक्ष्य में तेलंगाना के डंडीगल स्थित वायु सेना अकादमी में एक संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) का आयोजन किया गया। परेड की समीक्षा रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा की गई। उन्होंने स्नातक उड़ान कैडेटों को राष्ट्रपति कमीशन प्रदान करके सम्मानित भी किया। स्नातक होने वाले अधिकारियों में 25 महिलाएं थीं जिन्हें भारतीय वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में नियुक्त किया गया था। भारतीय नौसेना के आठ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के नौ और मित्र देशों के दो अधिकारियों को भी उनके उड़ान प्रशिक्षण के पूरा होने पर 'विंग्स' पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया।

18 दिसम्बर

भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक के बीच समझौता

● भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 37 बिलियन जापानी येन (250 मिलियन अमेरिकी डॉलर) ऋण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता

82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर के निर्माण का वित्तपोषण जारी रखेगा। इससे पहले एडीबी ने दिल्ली को आसपास के राज्यों के अन्य शहरों से जोड़ने के लिए एनसीआर क्षेत्रीय योजना 2021 के अंतर्गत योजनाबद्ध तीन प्राथमिकता वाले रेल गलियारों में से पहले आरआरटीएस के निर्माण का समर्थन करने के लिए 2020 में परियोजना के लिए 1,049 मिलियन डॉलर की बहु-किश्त (मल्टी-ट्रेंच) वित्तपोषण सुविधा (एमएफएफ) को मंजूरी दी थी।

● अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा ने प्रवासी सीमा क्रॉसिंग में हुई वृद्धि के कारण ईगल पास और एल पासो टेक्सास में अंतर्राष्ट्रीय रेलवे क्रॉसिंग पुलों पर परिचालन को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। प्रवासियों के गुजरने की प्रक्रिया संबंधी कर्मचारियों को पुनर्निर्देशित करने के लिए परिचालन को बंद करने का काम शुरू हो गया है। पिछले कुछ सप्ताह से बाइडन प्रशासन ने टैक्सास के ईगल पास, कैलिफोर्निया के लेकविल, ऐरीजोना और सैन इसिड्रो में वाहनों और पैदल यात्रियों के आवागमन को रोके रखा है। अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक संगठनों की भ्रामक सूचनाओं के कारण प्रवासियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

19 दिसम्बर

हमास के खिलाफ इजरायल को हथियार देना जारी रखेगा अमेरिका

● अमेरिका ने एक बार फिर यह संकल्प दोहराया है कि वह हमास के खिलाफ अभियान में इजरायल को हथियार देना जारी रखेगा। अमेरिका ने गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के लिए अधिक मानवीय सहायता की अपनी अपील के बावजूद यह बात कही है। गाजा में तीन महीने से चल रही लड़ाई के बीच हमास के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि गाजा शहर में जबालिया कैंप के पास हमलों में 110 और लोग मारे गए। इस बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद गाजा में एक बार फिर से संघर्ष विराम की मांग पर मतदान कराने की तैयारी में है। पिछली बार इस प्रयास पर अमेरिका ने वीटो कर दिया था। वहीं इजरायल की यात्रा पर गए अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि गाजा में और अधिक मानवीय सहायता की आवश्यकता है। वहां 20 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं और उन्हें सहायता सामग्री वितरित करने की जरूरत है।

● गिनी की राजधानी कोनाक्री में मुख्य

ईंधन डिपो में आग लगने और एक शक्तिशाली विस्फोट होने के बाद कम से कम 14 लोगों की मृत्यु हो गई और 178 लोग घायल हो गये। इस विस्फोट से काफी नुकसान हुआ है और शहर की गतिविधि ठहर सी गई है। स्कूल बंद कर दिये गये हैं। घना काला धुआं निकलने के कारण श्रमिकों को घर पर रहने को कहा गया है। सोशल मीडिया की तस्वीरों से पता चलता है कि स्थानीय निवासी विस्फोट वाले क्षेत्र को छोड़कर भाग गए हैं।

20 दिसम्बर

आयुर्वेद संस्थान के पहले स्थापना दिवस पर डाक टिकट जारी

● केंद्रीय आयुष और पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, गोवा के पहले स्थापना दिवस पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा इस कदम से आयुर्वेद को वैश्विक पहचान मिलेगी। 50 एकड़ के विशाल परिसर में फैले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) गोवा को दिल्ली में अपने समकक्ष के अनुरूप सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। इसका मिशन उन्नत निवारक, नैदानिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान करना है। क्षेत्र की समृद्ध जैवविविधता और औषधीय पौधों की प्रचुरता पर बल देते हुए गोवा में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के उपचार में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अनंतिम पेरोल डेटा में बताया गया है कि ईपीएफओ में अक्टूबर, 2023 के महीने में 15.29 लाख सदस्य शामिल हुए हैं। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में सदस्यता में 18.22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर, 2023 के दौरान लगभग 7.72 लाख नए सदस्य जुड़े। ये ईपीएफओ के सामाजिक सुरक्षा कवरेज के तहत स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। नए सदस्यों के जुड़ने की प्रतिवर्ष वृद्धि की तुलना करें तो चालू माह के दौरान पिछले वर्ष अक्टूबर की तुलना में 6.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इन नए सदस्यों में, 18-25 वर्ष के आयु वर्ग के सदस्य महीने के दौरान जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 58.60 प्रतिशत हैं।

21 दिसम्बर

जूट किसानों की सुविधा के लिए एप्लिकेशन लॉन्च

● जूट किसानों को एमएसपी और कृषि विज्ञान के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए "पाट-मित्रों" ऐप लॉन्च किया गया है। इस ऐप को भारतीय जूट निगम लिमिटेड (जेसीआई) द्वारा विकसित किया गया है। वस्त्र मंत्रालय की सचिव श्रीमती रचना शाह ने यह एप्लिकेशन लॉन्च किया, जो 6 भाषाओं में उपलब्ध है। एप्लिकेशन को गूगल प्ले स्टोर से स्वतंत्र रूप से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप में नवीनतम कृषि पद्धतियों और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), जूट श्रेणी मानक, 'जूट-आईकेयर' जैसी किसान-केंद्रित योजनाएं, मौसम पूर्वानुमान, जेसीआई के खरीद केंद्रों की अवस्थिति, सरकारी खरीद की नीतियां आदि भी उपलब्ध कराई गई हैं। किसान एमएसपी के तहत जेसीआई को बेचे गए कच्चे जूट के अपने भुगतान की स्थिति संबंधी अद्यतन जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।

● वित्त मंत्रालय ने कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 17

प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया है। रिफंड समायोजित करने से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह 15 लाख 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 13 लाख 63 हजार करोड़ रुपये था। मंत्रालय ने कहा कि 17 दिसम्बर तक हुए प्रत्यक्ष कर संग्रह से पता चलता है कि शुद्ध संग्रह 13 लाख 70 हजार करोड़ रुपये है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 11 लाख 35 हजार करोड़ रुपये था। यह 20.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अग्रिम कर संग्रह 6 लाख 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक है, जो 19.94 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। चालू वित्त-वर्ष के दौरान 2 लाख 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिफंड भी जारी किया गया है।

22 दिसम्बर

यूक्रेन को 18 एफ-16 लड़ाकू विमान देगा नीदरलैंड

● नीदरलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मार्क रूट ने घोषणा की है कि सरकार यूक्रेन को

18 एफ-16 लड़ाकू विमान देने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को सैन्य समर्थन देने के बारे में हुए समझौतों के अंतर्गत एफ-16 लड़ाकू विमान दिए जा रहे हैं। इस बीच यूरोपीय आयोग ने कहा है कि वह यूक्रेन को 500 अतिरिक्त जनरेटर उपलब्ध करायेगा ताकि युद्धग्रस्त देश में महत्वपूर्ण सेवाएं जारी रहें।

● जापान सरकार ने कहा है कि वह अपने हथियार निर्यात नियमों में बदलाव के बाद अमेरिका को पैट्रियट हवाई रक्षा मिसाइलें भेजेगा। जापान की युद्ध विरोधी नीतियों के लिहाज से यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अमेरिकी सरकार ने जापान से रक्षा निर्यात नियमों को बदलने का अनुरोध किया था, जिसके बाद जापान सरकार ने ऐसा किया है। 2014 के बाद से पहली बार जापान ने यह कदम उठाया है। यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति करने के लिए प्रमुख पश्चिमी देशों के पास फिलहाल हथियारों की कमी है। पैट्रियट मिसाइल अमेरिका द्वारा यूक्रेन को भेजी जाने वाली सबसे उन्नत हथियार हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

समय पर पूरी करें जल प्रदाय और सीवेज परियोजनायें

भोपाल, आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास और मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रबंध संचालक श्री भरत यादव ने कम्पनी द्वारा क्रियांवित परियोजनाओं की समीक्षा की। श्री यादव ने सभी ठेकेदारों को निर्देश दिए कि समय पर पूरी करें जल प्रदाय और सीवेज परियोजनायें। परियोजना साइट्स पर लेबर व मशीनरी की पर्याप्त व्यवस्था रखें। 31 दिसम्बर तक के जो लक्ष्य तय किए गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा करें।

प्रबंध संचालक ने कहा कि निर्माण कार्य के लिए फिलहाल अनुकूल मौसम है, अतः कार्य में तेजी लायें। काम में धीमी गति स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ठेकेदार निर्माण कार्य तेजी से करने के साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें। प्रबंध संचालक ने समस्त परियोजना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि फील्ड में नियमित रूप से भ्रमण करते रहें, और परियोजनाओं की भौतिक स्थिति से अद्यतन रहें। अगली समीक्षा बैठक में परियोजना प्रबंधक सीधे साइट्स से ही जुड़ें।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी एशियन डेवलपमेंट बैंक,विश्व बैंक, जर्मन बैंक केएफडब्ल्यू और विशेष निधि के माध्यम से प्रदेश के 135 निकायों में जल प्रदाय और 28 निकायों में सीवरेज परियोजना पर कार्य कर रही है।

वर्ष 40, अंक 52 25.12.2023 से 31.12.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - विवेक पोरवाल
● सम्पादक - रंजना चितले
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

विकसित भारत निर्माण लक्ष्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू

इन दिनों विकसित भारत निर्माण के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना और नीतियों के बारे में जागरूक करना है। पूरे देश में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह एक अभूतपूर्व पहल है। अभियान का लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है। इस यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवम्बर को झारखंड के खूंटी से किया था। देश के विभिन्न राज्यों में निकाली जा रही यह यात्रा मध्यप्रदेश में उज्जैन जिले से 16 दिसम्बर को शुरू हुई। विकसित भारत संकल्प यात्रा राष्ट्रीय विकास के साझा विजन की दिशा में सशक्तिकरण और सामूहिक संबद्धता की कहानियों को एक साथ जोड़ती है। मध्यप्रदेश के साथ ही यह यात्रा छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मिजोरम में भी निकाली जा रही है। अगर हम इस यात्रा को मध्यप्रदेश के परिप्रेक्ष्य में देंखे तो मध्यप्रदेश केन्द्र सरकार की एक नहीं, बल्कि सभी प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में अव्वल रहा है। आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास, नल-जल योजना सहित ऐसी अनेक योजनाएं हैं, जिसमें मध्यप्रदेश प्रमुख है। प्रदेश में इस यात्रा को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विशेष बात यह है कि इस यात्रा को सफल बनाने के लिये केन्द्र सरकार ने विशेष रूप से 366 आईईसी वैन उपलब्ध करवाई हैं जिनके माध्यम से शहर-शहर, गांव-गांव तक केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत पूर्णता हासिल करने का लक्ष्य है। जिन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है इनमें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री बालिका कल्याण, अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो उर्वरक आदि शामिल हैं। प्रचार-प्रसार के लिए आईईसी वैन की ब्रांडिंग और अनुकूलन इस तरह किया गया है, ताकि राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर प्रमुख योजनाओं, विशेषताओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जा सके। ताकि फ्लैगशिप योजनाओं की स्टैंडीज, ऑडियो विजुअल सामग्री, ब्रोशर, पैम्फलेट और बुकलेट के जरिए सूचना का प्रसार संभव हो सके।

मध्यप्रदेश में यात्रा के लिए जिला, जनपद और पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी तथा वाहन प्रभारी की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर स्वागत समिति और उत्सव समिति का गठन भी किया गया है। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में क्रियान्वयन समिति, राज्य स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा राजस्व विभाग और नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन विभाग समन्वय, मॉनिटरिंग आदि के लिए नोडल विभाग इसके संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

नासा के वैज्ञानिकों की टीम ने तारे की परिक्रमा लगाने वाले 17 एक्सोप्लैनेट्स खोजे

अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने पिछले दिनों एक नया शोध किया है। शोध में एजेंसी ने 17 एक्सोप्लेनेट्स का पता लगाया है। इसमें वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से बाहर जीवन की तलाश में एक्सोप्लैनेट्स को ढूंढ़ने में सफलता प्राप्त की है। यह ग्रह सूर्य के नहीं, बल्कि किसी अन्य तारे की परिक्रमा करते हैं, जिन्हें एक्सोप्लैनेट कहा जाता है। ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा है कि इन ग्रहों में मौजूद बर्फ की सिल्लियों के नीचे कोई महासागर छुपा हुआ हो सकता है। दुनियाभर के वैज्ञानिक अब तक सैकड़ों एक्सोप्लैनेट का पता लगा चुके हैं, लेकिन उनमें से कोई भी उस दूरी पर नहीं मिला, जहां जीवन संभव हो।

शोध के अनुसार एक्सोप्लैनेट लगभग पृथ्वी के आकार के हैं, लेकिन कम घने और अधिक ठंडे हैं। इससे पता चलता है कि उनकी सतह बर्फ से ढंकी हुई है। वैज्ञानिकों ने दो एक्सोप्लैनेट-प्रॉक्सिमा सेंटॉरी बी और एलएचएस 1140 बी का विशेष उल्लेख किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार दूसरे ग्रहों पर मौजूद तरल महासागरों में जीवन संभव हो सकता है। शोध के अनुसार हमारे सौरमंडल में बृहस्पति ग्रह के चंद्रमाओं में तरल महासागरों की पुष्टि हुई है, लेकिन अगर एक्सोप्लैनेट्स में इनकी मौजूदगी होगी तो भविष्य में वहां जीवन की संभावनाओं का पता लगाने के लिए मिशन भेजे जा सकते हैं।

नासा के वैज्ञानिकों की टीम ने एक्सोप्लैनेट पर गतिविधि की मात्रा को भी केलकुलेट किया है। वहीं, शोध के दौरान जो बर्फ की सिल्लियां प्राप्त हुई हैं उन सिल्लियों के नीचे से लिक्विड के विस्फोट के संकेत मिलने की उम्मीद है। लगभग तीन वर्ष से अधिक समय तक चले इस शोध में नासा ने कुल 17 एक्सोप्लैनेट का पता लगाया जहां बर्फ के नीचे दुनिया मौजूद हो सकती है।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

विकसित भारत संकल्प यात्रा अब मध्यप्रदेश में भी

मुख्यमंत्री ने उज्जैन में किया शुभारंभ

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल हरी झंडी दिखाई

विकसित भारत संकल्प यात्रा अब मध्यप्रदेश में भी आरंभ हो गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 16 दिसम्बर को 42 दिवसीय इस यात्रा को वर्चुअल हरी झंडी दिखाई और मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने उज्जैन से इस यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा का समापन 26 जनवरी, 2024 को होगा।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' देशव्यापी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी में इसका शुभारंभ किया था, लेकिन तब मध्यप्रदेश सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव चल रहे थे। इसलिये इन पांचों प्रांतों में यह विकसित भारत यात्रा आरंभ नहीं हो सकी थी। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब इन राज्यों में भी यात्रा आरंभ हो गई है। इसी कड़ी में 16 दिसम्बर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश में यात्रा को वर्चुअल हरी झंडी दिखाई और मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने उज्जैन से यात्रा को रवाना किया।

इस यात्रा के तीन उद्देश्य हैं। एक तो शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों को जानकारी देना, जो वंचित रह गये उन्हें मौके पर ही समस्त औपचारिकता पूरी करके लाभार्थी बनाना। दूसरा इन योजनाओं का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत हो सके इसके लिए 'जनभागीदारी' की भावना विकसित करना। ताकि समाज के जानकार और हितग्राही दूसरों को सहयोग कर सकें, ताकि प्रत्येक पात्र जरूरतमंद इन योजनाओं का लाभ ले सकें। तीसरा 2047 तक भारत विश्व के सर्वश्रेष्ठ विकसित राष्ट्रों में अग्रणी हो, इसके लिये समाज को जागरूक करना और संकल्प दिलाना। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार यह विकसित भारत संकल्प यात्रा 25 जनवरी 2024 तक देश भर की सभी 2.60 लाख ग्राम पंचायतों और सभी चार हजार नगरीय क्षेत्रों तक पहुंचेगी।

15 नवम्बर को आरंभ हुई यह यात्रा अपने आरंभिक एक माह की अवधि में ही देश की 68,000 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत ढाई करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंच चुकी है। इसके माध्यम से लगभग दो करोड़ लोगों ने विकसित भारत का संकल्प लिया है और केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए हैं। यह संख्या भी दो करोड़ से अधिक है। अब यह यात्रा मध्यप्रदेश में भी आरंभ हो गई। मध्यप्रदेश में इस यात्रा के प्रति कितना आकर्षण और उत्साह है कि इसके आरंभ होने के केवल पांच दिनों में ही लाखों लोगों से संपर्क हो गया है। इसके लिये 366 रथ तैयार किये गये हैं जो 24 जनवरी तक प्रदेश की सभी पंचायतों और नगरीय निकाय क्षेत्र तक संपर्क करेंगे।

विकसित भारत संकल्प अभियान की योजनाएं

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विश्व में अग्रणी विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। कोई भी राष्ट्र या समाज केवल सरकारी नीतियों या योजना बना लेने से समृद्ध नहीं हो सकता। उन योजनाओं का क्रियान्वयन होना चाहिए। जन सामान्य में जाग्रति होनी चाहिए। सरकार की नीतियां और योजनाएं तथा जनजागरण एक-दूसरे के पूरक होते हैं। इसी उद्देश्य से यह विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। ताकि समाज में जाग्रति आये, सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिले, कोई छूट न जाये और सबसे बड़ी बात लोग स्वयं भी जाग्रत होकर उद्यमशील बनें। इसके लिये ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के लिये अलग-अलग योजनाएं बनाई गई हैं। कुछ योजनाएं तो समान हैं और कुछ अलग। ग्रामीण क्षेत्र में जहां कृषि विकास और कृषि औद्योगीकरण आधारित योजनाएं अधिक हैं। नगरीय क्षेत्र में स्किल डेवलपमेंट और इस पर आधारित योजनाएं अधिक हैं।

ग्रामीण क्षेत्र के लिये जिन योजनाओं को शामिल किया गया है उनमें आयुष्मान भारत योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर नल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक उपयोग योजना, स्वाइल हेल्थ कार्ड और उन्नत कृषि यंत्र शामिल हैं। जबकि नगरीय क्षेत्रों के लिये स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, उज्ज्वला योजना, मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, आवास योजना (नगरीय), वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान (नगरीय), उजाला योजना, अमृत योजना, प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया और आरसीएस योजनाएं शामिल हैं।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' देशव्यापी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी में इसका शुभारंभ किया था, लेकिन तब मध्यप्रदेश सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव चल रहे थे। इसलिये इन पांचों प्रांतों में यह विकसित भारत यात्रा आरंभ नहीं हो सकी थी। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब इन राज्यों में भी यात्रा आरंभ हो गई है। इसी कड़ी में 16 दिसम्बर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश में यात्रा को वर्चुअल हरी झंडी दिखाई और मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने उज्जैन से यात्रा को रवाना किया।

वैन के साथ 'एग्री ड्रोन' का प्रदर्शन भी

मध्यप्रदेश में इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कुल 366 आईईसी वैन चल रही हैं। जो प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय क्षेत्र तक जा रही हैं। इसका लाभ शत-प्रतिशत लोगों को मिल सके इसके लिये शासकीय अमला और जन- प्रतिनिधि भी सक्रिय हैं। इन सभी 'आईईसी वेन' के साथ ही एग्री ड्रोन का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। इस ड्रोन का प्रदर्शन करने के दो उद्देश्य हैं। एक तो इसकी सहायता से किसान अपनी खेती को सरल बना सकें और दूसरा युवा प्रोत्साहित होकर इनके निर्माण के लिये लघु उद्योग लगाने के लिये प्रेरित हों। इस ड्रोन से किसानों को अपने किसानी कार्य में समय और श्रम दोनों की बचत होती है।

साथ ही उनके स्वास्थ्य की रक्षा भी होती है। ऐसे ड्रोन के द्वारा ही खेतों में खाद और कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जाता है। यह ड्रोन बहुत सुरक्षित तरीके से रासायनिक खाद और कीटनाशक का छिड़काव कर देता है। वह भी कम समय में। ऐसे ड्रोन द्वारा एक एकड़ भूमि की फसल में खाद या कीटनाशकों का छिड़काव केवल 15 मिनिट में किया जा सकता है। ड्रोन का अनुमानित मूल्य लगभग पांच लाख से दस लाख रुपये के बीच है। मध्यप्रदेश सरकार की ओर से इस ड्रोन को क्रय करने के लिये अनुदान भी दिया जाता है। इस संकल्प यात्रा में इस ड्रोन के प्रदर्शन के साथ कैसे अनुदान और अन्य सहायता मिलती है वह भी समझाया जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य

- यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों विशेषकर वंचित और जरूरतमंद लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे।
- आम लोगों में योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना ताकि उनमें जागरूकता उत्पन्न हो और वे योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।
- योजनाओं से जो हितग्राही लाभान्वित हुए हैं उनकी सफलता की कहानियां तथा अनुभव साझा करना, ताकि लोगों में शासकीय योजनाओं के व्यवहारिक पक्ष की जानकारी पहुंच सके।
- यात्रा के दौरान आवेदनों तथा जानकारी के आधार पर छूटे हुए अथवा संभावित लाभार्थियों का चयन करना, उन्हें नामांकित करना।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वरूप

- इस यात्रा के लिये केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के लिए कुल 366 आईसी वेन उपलब्ध कराई गई हैं।
- आई.ई.सी. वेनों को सभी नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत में ले जाया जाएगा और कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।
- संकल्प यात्रा के आयोजन में चयनित योजना के लाभ हेतु आवेदन लेना, लाभ वितरण, क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम, धरती कहे पुकार के स्वच्छता गीत एवं अन्य, ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड इत्यादि वितरण शामिल हैं।
- कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे जिनमें सामान्य जांच सुविधा प्रदान की जाएगी।
- आधार कार्ड में जानकारी सुधार के आवेदन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों के आवेदन, ऐसे किसान, पशुपालक, मछुआरे जिनके पास क्रेडिट कार्ड नहीं है उनके आवेदन लेने की कार्यवाही की जाएगी।
- केंद्र सरकार द्वारा यात्रा की प्रगति के लिए एक आईटी पोर्टल और एक ऐप विकसित किया गया है जिस पर प्रतिदिन कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत प्रभारी अधिकारी द्वारा आईटी पोर्टल एवं ऐप पर यात्रा से संबंधित दैनिक प्रगति, फोटो, वीडियो आदि को अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाएगा।

रमेश शर्मा

(लेखक- वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं।)

कार्यालय शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर
नवीन विधि महाविद्यालय के सामने दे.अ.वि.वि. परिसर
खंडवा रोड भंवर कुआं इंदौर

दूरभाष नं. - 0731-2920465, (E-Mail - gpetcindore2014@gmail.com)

क्रमांक/पीईटीसी/2023/434-35 इंदौर, दिनांक : 01.12.2023

शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर द्वारा अनु.जाति, अनु.जनजाति वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों हेतु म.प्र. लोक सेवा आयोग 2024 की प्रारंभिक परीक्षा के निःशुल्क प्रशिक्षण का विज्ञापन

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली राज्य सिविल सेवा की आगामी प्रारंभिक परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाले प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ऑफलाइन आवेदन पर आमंत्रित किये जाते हैं। उम्मीदवारों का चयन स्नातक स्तर पर प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर किया जायेगा। यह प्रशिक्षण शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में निःशुल्क दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण प्रारंभ होने की संभावित तिथि 04.01.2024 होगी। आवेदन कार्यालयीन समय में **दिनांक 28.12.2023 तक** जमा किये जा सकेंगे।

आवेदन जमा करने का पता - कार्यालय शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर, नवीन विधि महाविद्यालय के सामने दे.अ.वि.वि. तक्षशिला परिसर इंदौर। दूरभाष क्र. 0731-2920465

प्रशिक्षण हेतु प्रवेश की शर्तें -

1. वो आवेदक जो स्नातक में न्यूनतम 55% अंकों से उत्तीर्ण हुये हों, म.प्र. लोक सेवा आयोग की राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 की परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
2. आवेदक म.प्र. का मूल निवासी एवं अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग का हो।
3. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण-पत्र (आय सीमा 6.00 लाख), जाति प्रमाण-पत्र एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र लगाने अनिवार्य होंगे।
4. प्रशिक्षण के समय 500/- रु. अवधान राशि जमा करना अनिवार्य है जो प्रशिक्षण समाप्ति पर वापस मिल सकेगी।
5. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
6. आवेदक किसी अन्य संस्था/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय का नियमित छात्र/छात्रा न हो।
7. आवेदन पत्र के साथ अभिप्रमाणित अंकसूचियां, आधार कार्ड, स्वयं के बैंक खाते की पासबुक की छायाप्रति एवं 02 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो अनिवार्य रूप से संलग्न करें। अधूरे आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
8. प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी होगा।
9. पात्रतानुसार 500 रु. प्रतिमाह शिष्यवृत्ति की पात्रता होगी।
10. छात्रावास सुविधा नहीं है।
11. पात्रता रखने पर आवास भत्ता नियमानुसार जिला कार्यालय से प्रदाय होगा।

प्राचार्य
शा. परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर

प्रशिक्षण दिनांक 04.01.2024 से प्रारंभ होगा। **अजा./अजजा.**

कार्यालय शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर
म.प्र. लोक सेवा आयोग 2024 की प्रारंभिक परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु आवेदन-पत्र

स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित रंगीन फोटो

1. पूरा नाम (1) हिन्दी में :– .....अंग्रेजी में .....
2. पिताजी का नाम :– .....
3. माता का नाम :– .....
4. जन्म दिनांक :– .....
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित :– ग्राम .....तहसील .....
   जिला .....पिन कोड .....
6. स्थाई निवास का पता :– ग्राम .....तहसील .....
   जिला .....पिन कोड .....
7. जाति :– .....उपजाति .....
8. परिवार के मुखिया का व्यवसाय :– .....मुखिया की वार्षिक आय .....
9. स्वयं का मोबाइल नंबर :– .....पिता का मो.नं. .....
10. आवेदक का ई-मेल आय.डी. :– .....
11. शैक्षणिक योग्यता :–

क्र.	शिक्षा (संकाय सहित)	विषय	मण्डल/वि.वि.	श्रेणी	प्रतिशत	रिमार्क
1.	हाईस्कूल ( )					
2.	हायर सेकेण्डरी ( )					
3.	स्नातक					
4.	अन्य					

12. संलग्न :– 1. आय, जाति, मूल निवासी प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रतियां। 2. हाईस्कूल, हा.से. एवं स्नातक की अंकसूचियों की अभिप्रमाणित छायाप्रतियां। 3. आधार कार्ड की छायाप्रति। 4. स्वयं के बैंक खाते की पासबुक की फोटोकॉपी। 5. एक अतिरिक्त रंगीन फोटो भी संलग्न करें।

दिनांक :– **हस्ताक्षर आवेदक**

नाम :– .....
पता :– .....
मो.नं. :– .....

घोषणा पत्र

मैं.....घोषणा करता हूं/करती हूं कि संस्थान में अनुशासन, मर्यादा, समय प्रबंधन का पालन करते हुये संस्था में नियमित उपस्थित रहकर सभी मूल्यांकन दूंगा/दूंगी। म.प्र. लोक सेवा आयोग 2024 की प्रारंभिक परीक्षा में अवश्य सम्मिलित होउंगा/होउंगी एवं रोल नं. प्राप्त होने पर तत्काल संस्था को अवगत कराउंगा/कराउंगी। उल्लंघन करने पर मेरा नाम तत्काल प्रभाव से खारिज किया जा सकता है।

स्थान :– **हस्ताक्षर आवेदन कर्ता**
दिनांक :– **नाम.....**

जी- 22002/49283/2023

कार्यालय संचालक, पिछड़ा वर्ग, राज्यस्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केन्द्र
पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल
विज्ञप्ति

आवेदन की अंतिम तिथि - 08 जनवरी, 2024

प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के प्रतिभावान किन्तु आर्थिक रूप से कमजोर युवक-युवतियों को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 अथवा अन्य समकक्ष परीक्षाओं का 06 माह अवधि का निःशुल्क परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु पात्र एवं योग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन हेतु विस्तृत विज्ञापन प्रवेश हेतु नियम, शर्तें एवं आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाइट **www.bcwelfare.mp.nic.in** पर उपलब्ध है।

संचालक
राज्यस्तरीय रोज़. एवं प्रशि. केंद्र,
(पिछड़ा वर्ग एवं. अ.सं.क.), भोपाल, दूरभाष - (0755) 2763284

जी-21970/49282/2023

मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं.सा. एवं प्रशा.)
मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर

1912

Phone No. : CTI 0761-2970571, Email Id - mpez.training@gmail.com

अप्रेंटिस एक्ट 1961 के अंतर्गत ट्रेड अप्रेंटिस (एक वर्षीय) के आवेदन हेतु विज्ञापन

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर जो मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी है, के द्वारा म.प्र. के मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिये जिन्होंने दसवीं कक्षा के साथ आई.टी.आई. (एन.सी.वी.टी./एस.सी.वी.टी.) उत्तीर्ण की हो, से अप्रेंटिस एक्ट 1961 के अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों में शिक्षुता प्रशिक्षण (एक वर्षीय) हेतु आवेदन आमंत्रित करती है। ट्रेड अप्रेंटिस (एक वर्षीय) हेतु वर्तमान में कुल रिक्तियां 326 हैं, जिनका ट्रेडवार विवरण निम्नानुसार है :–

Total Financial Year 2023-24 Positions

S.N.	TRADE	Gen.	SC	ST	OBC	Total
1.	Computer Operator and Programming Assistant	29	9	12	13	63
2.	Electrician	43	12	8	20	83
3.	Stenographer (English)	5	3	4	4	16
4.	Stenographer (Hindi)	19	9	13	14	55
5.	Computer and Peripherals Hardware Repair and Maintenance Mechanic	11	5	6	8	30
6.	Welder (Gas and Electric)	1	1	1	1	4
7.	Wireman	8	3	4	6	21
8.	Computer Networking Technician	11	5	6	8	30
9.	Solar Technician	8	4	4	6	22
10.	Multimedia and Web Page Designer	1	0	0	1	2
Total		**136**	**51**	**58**	**81**	**326**

नोट :– विस्तृत विवरण कंपनी की वेबसाइट **www.mpez.co.in** पर देख सकते हैं।

"बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें"

R-49277/2023 मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं.सा. एवं प्रशा.)

कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति विकास मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश शासन

35-राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) - 462001
ईमेल : cscd.bhopal@mp.gov.in, फोन : 0755-2661949

शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय
प्रवेश सूचना (वर्ष 2024-25)
कक्षा - 6वीं

आवेदन प्रारंभ तिथि : ..... **आवेदन की अंतिम तिथि : .....**

शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय इंदौर, उज्जैन, भोपाल, होशंगाबाद, ग्वालियर, मुरैना, सागर, जबलपुर, रीवा एवं शहडोल में प्रवेश हेतु विज्ञप्ति। प्रत्येक विद्यालय हेतु जाति वर्गवार उपलब्ध सीट निम्नानुसार है :

कक्षा	अनुसूचित जाति		अन्य वर्गों के गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले		कुल	
	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका
1	2	3	4	5	6	7
6वीं	36	36	4	4	40	40

नोट :–

1. उपरोक्त सीट संख्या परिवर्तनीय है।
2. प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 6वीं में स्वीकृत सीट का 3% (तीन प्रतिशत) दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु आरक्षित रहेगा। दिव्यांग विद्यार्थी उपलब्ध न होने पर उक्त सीट अन्य विद्यार्थियों द्वारा भरी जा सकेगी।
3. शासकीय ज्ञानोदय आवासीयों में शिक्षण एवं आवासीय सुविधाएं निःशुल्क हैं। शासन द्वारा निर्धारित दर पर छात्र-छात्राओं को मासिक शिष्यवृत्ति और पोषण आहार भत्ता प्रतिमाह दिया जाता है, जिसके आधार पर निःशुल्क भोजन व्यवस्था उपलब्ध करायी जाती है।

पात्रता :–

1. छात्र-छात्रा को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए।
2. छात्र-छात्राओं को प्रवेश लेने हेतु पूर्व कक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अथवा समतुल्य ग्रेड प्राप्त होना अनिवार्य है।

क्र.	विवरण	प्रस्तावित दिनांक	प्रस्तावित समय
2.	MPTAASC Portal के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि	29.12.2023	
3.	ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	**27.01.2024**	
4.	आवेदन में संशोधन करने की अंतिम तिथि	04.02.2024	
5.	प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि	11.02.2024	
6.	प्रवेश परीक्षा की दिनांक एवं समय	18.02.2024	10.00 am to 01.00 pm

परीक्षा केन्द्र : समस्त जिला मुख्यालय।

आवेदन प्रक्रिया :–

1. कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट **http://www.tribal.mp.gov.in/mptaasc** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
2. कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई आवेदन शुल्क देय नहीं होगा।
3. प्रवेश हेतु प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम तीन विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्राथमिकता क्रम दे सकता है। विद्यार्थियों के प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंक एवं उनके द्वारा अंकित प्राथमिकता क्रम के आधार पर शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय आवंटित किये जावेंगे।
4. मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरुद्ध चयन हेतु पात्र होंगे।

अपर आयुक्त
अनुसूचित जाति विकास, मध्यप्रदेश

जी-21764/49274/2023

कार्यालय प्राचार्य
परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स भोपाल

ISO : 9001 : 2008

E-mail : petcsc.bpl@gmail.com, Phone : 0755-26666615

पत्र/प्रशि/न.स-36/2023/1201 भोपाल, दिनांक : 6.12.2023

(विज्ञप्ति)

राज्य सेवा परीक्षा 2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु विज्ञापन।

म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा परीक्षा 2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र श्यामला हिल्स भोपाल में निम्न शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. आवेदक म.प्र. राज्य का अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य हो।
2. आवेदक के परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रुपये 6.00 लाख से अधिक न हो।
3. आवेदक को म.प्र. राज्य सेवा परीक्षा 2024 की प्रारंभिक परीक्षा हेतु आवेदन करना अनिवार्य होगा अन्यथा उसका प्रवेश निरस्त किया जावेगा एवं दिये गए शासकीय लाभ की उनसे वसूली की जावेगी।
4. केन्द्र में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष व अधिकतम 35 वर्ष है।
5. आवेदक ने स्नातक परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की हो।
6. प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी होगा।
7. पी.एस.सी. प्रशिक्षण की कुल अवधि अधिकतम 12 माह की होगी। पी.एस.सी. की प्रारंभिक परीक्षा/मुख्य परीक्षा के परिणाम आने के बाद असफल अभ्यर्थियों का नाम प्रशिक्षण से निरस्त कर दिया जावेगा।
8. आवेदक यदि विगत 5 वर्षों में से किसी भी वर्ष की पी.एस.सी. प्रारंभिक या मुख्य परीक्षा में सफल रहा हो तो उन्हें प्रवेश में प्राथमिकता दी जावेगी।
9. प्रशिक्षण पूर्णकालिक है अतः प्रशिक्षणार्थी को किसी भी महाविद्यालय/पाठ्यक्रम में नियमित अध्ययनरत नहीं होना चाहिए प्रवेश के समय मूल टी.सी. जमा कराना अनिवार्य होगा।
10. आवेदक ने अनुसूचित जाति विकास के अंतर्गत संचालित किसी भी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त न किया हो।
11. प्रशिक्षण में चयन हेतु स्नातक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट तैयार कर प्रवेश दिया जावेगा।
12. प्रशिक्षण प्रारंभ होने का संभावित दिनांक 01 जनवरी 2024 है।

उपरोक्तानुसार पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक अभिलेखों की छायाप्रतियों के साथ **दिनांक 26 दिसम्बर 2023 तक** संस्थान के **E-mail : petcsc.bpl@gmail.com** अथवा डाक से या व्यक्तिगत रूप से परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में सम्पर्क कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिये परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल के दूरभाष क्रमांक 0755-2666615 पर सम्पर्क कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राचार्य
परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल म.प्र.

कार्यालय
प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स भोपाल
ISO:9001:2008

E-mail : petcsc.bpl@gmail.com, Phone : 0755-2666615

राज्य सेवा परीक्षा 2024

1. पूरा नाम (1) हिन्दी में .....
   (2) अंग्रेजी में .....
2. पिताजी का नाम .....
3. माता का नाम .....
4. जन्म दिनांक .....
5. पत्र व्यवहार का पता .....
   जिला .....पिन कोड.....
6. स्थायी पता .....
   ग्राम.....तहसील.....
   जिला.....पिन कोड.....
7. जाति .....
8. उपजाति .....
9. परिवार के मुखिया का व्यवसाय.....
10. मुखिया की वार्षिक आय .....
11. स्वयं का मो.नं. .....
12. पिता का मो.नं. .....
13. स्वयं का व्यवसाय/सर्विस यदि हो तो .....
14. स्वयं की वार्षिक आय .....
15. आवेदक का ईमेल आईडी .....
16. आवेदक का आधार कार्ड क्र. .....
17. शैक्षणिक योग्यता -

क्र.	शिक्षा (संकाय सहित)	विषय	मण्डल/वि.वि.	प्रतिशत	रिमार्क
01	हाईस्कूल				
02	हायर सेकेण्ड्री				
03	स्नातक				

18. यदि पूर्व में किसी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए हैं तो प्रशिक्षण केन्द्र का नाम .....प्रशिक्षण का प्रकार.....तथा प्रशिक्षण लेने का वर्ष .....तथा समयावधि .....में.....तक

कार्यालय संचालक
पिछड़ा वर्ग, राज्य स्तरीय रोज़गार एवं प्रशिक्षण केन्द्र
पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल

प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों को राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 एवं अन्य समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग हेतु विज्ञापन

आवेदन की अंतिम तिथि - 8 जनवरी, 2024

म.प्र. लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा आयोजित आगामी राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2024 एवं अन्य समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले प्रदेश के पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाइट **www.bcwelfare.mp.nic.in** पर भी उपलब्ध हैं।

केन्द्र में प्रवेश हेतु कुल 120 स्थान उपलब्ध हैं। जिसमें से 100 स्थान पिछड़ा वर्ग हेतु तथा 20 स्थान अल्पसंख्यक वर्ग हेतु उपलब्ध होंगे। उम्मीदवारों का चयन स्नातक स्तर पर प्राप्त अंक के आधार पर संकायवार मेरिट बनाकर किया जाएगा। महिला एवं विकलांग अभ्यार्थियों को नियमानुसार आरक्षण प्रदान किया जावेगा। यह प्रशिक्षण माह-जनवरी 2024 से प्रारंभ होकर 06 माह की अवधि अथवा परीक्षा की तिथि (जो पहले हो) तक होगा। प्रशिक्षण सुविधा पूर्णतः निःशुल्क है। भोपाल से बाहर के प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार छात्रावास में स्थान की उपलब्धतानुसार आवास सुविधा उपलब्ध करायी जावेगी। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार रुपये 350/- मासिक की दर से शिष्यवृत्ति देय होगी। आवेदन डाक के द्वारा अथवा कार्यालयीन ई-मेल आई.डी. **dir.setc.mp.gov.in** के माध्यम से प्रेषित किये जा सकते हैं।

प्रशिक्षण हेतु प्रवेश की शर्तें :-

1. आवेदक म.प्र. का मूल निवासी हो व म.प्र. शासन द्वारा घोषित पिछड़े वर्ग/अल्पसंख्यक वर्ग का सदस्य हो।
2. आवेदक के अभिभावक/पालक एवं स्वयं की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय क्रीमीलेयर की सीमा (रुपये 8.00 लाख) से अधिक न हो।
3. आवेदक म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा हेतु आवश्यक न्यूनतम अर्हताएं रखता हो एवं उसे आगामी राज्य सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।
4. पिछड़ा वर्ग हेतु जाति प्रमाण पत्र केवल अधिकृत राजस्व अधिकारी के ही मान्य किये जावेगा।
5. अल्पसंख्यक वर्ग हेतु अल्पसंख्यक वर्ग में सम्मिलित होने संबंधी स्वयं का घोषणा पत्र मान्य होगा।
6. आय प्रमाण पत्र के लिए स्वयं का घोषणा पत्र मान्य होगा।
7. स्थानीय प्रशिक्षणार्थियों को छात्रावास की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकेगी।
8. नियमानुसार छात्रावास में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।
9. प्रशिक्षणार्थी को भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
10. प्रवेश के समय कॉशनमनी रुपये 500/- जमा करना अनिवार्य होगा जो प्रशिक्षण समाप्ति पर रसीद जमा करने पर वापिस कर दी जावेगी।
11. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ अपने बैंक खाते की पासबुक के प्रथम पृष्ठ की फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. अपूर्ण एवं अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
13. अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों में से चयन समिति द्वारा प्रशिक्षण हेतु चयनित आवेदकों को चयन की सूचना पृथक से एस.एम.एस./पत्र के माध्यम से दी जावेगी।
14. प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत चयनित प्रशिक्षणार्थियों को पंजीयन के समय परीक्षण हेतु मूल अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
15. आवेदकों को प्रशिक्षण केन्द्र तक आने-जाने का किराया एवं अन्य व्यय स्वयं वहन करने होंगे।

आवेदन पत्र कार्यालय संचालक, पिछड़ा वर्ग, राज्यस्तरीय रोज़गार एव प्रशिक्षण केन्द्र, पुलिस रेडियो मुख्यालय के सामने, भदभदा रोड, भोपाल-462003 के पते पर अथवा ई-मेल **dir.setc.mp.gov.in** द्वारा दिनांक 08 जनवरी 2024 तक कार्यालयीन समय में अनिवार्यतः पहुंच जाना चाहिए।

संचालक
राज्यस्तरीय रोज. एवं प्रशि. केंद्र,
(पिछड़ा वर्ग एवं अ.सं.क.), भोपाल, दूरभाष - (0755) 2763284

म.प्र. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 एवं अन्य समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप
प्रशिक्षण सत्र 2023-24

1. आवेदक का नाम .....
2. पिता/पति का नाम .....
3. निवास का वर्तमान पता .....
4. स्थाई पता (पिनकोड सहित) .....
5. दूरभाष/मोबाइल क्र. .....
6. जन्मतिथि .....
7. मूल निवास स्थान .....
8. पिछड़ा वर्ग जाति/उपजाति .....
   अथवा अल्पसंख्यक वर्ग जाति/उपजाति .....
9. पारिवारिक वार्षिक आय (समस्त स्रोतों से) .....
10. आवेदक के बैंक खाते का विवरण .....
11. शैक्षणिक योग्यताएं -

आवेदक का फोटो जो स्व-हस्ताक्षरित हो।

क्र.	शैक्षणिक स्तर	उत्तीर्ण वर्ष	बोर्ड/वि.वि.	श्रेणी	प्रतिशत	विशेष
1.	हाईस्कूल/हायर सेकेण्ड्री (जन्मतिथि हेतु)					
2.	स्नातक					

(शेष अगले पृष्ठ पर)

19. संलग्न किये जाने वाले अभिलेख
    1. हाईस्कूल, हायर सेकेण्ड्री, स्नातक, अंकसूची की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
    2. आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र निवासी प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
    3. अंतिम शैक्षणिक सत्र की मूल टी.सी. (Transfer certificate) जमा करना अनिवार्य है।
    4. आधार कार्ड की छायाप्रति।

घोषणा पत्र

मैं.....घोषणा करता हूं/करती हूं कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है। जानकारी गलत या भ्रामक होने की स्थिति में मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदेही मेरी स्वयं की होगी।

हस्ताक्षर .....
आवेदनकर्ता का नाम .....
मोबाइल नंबर .....

एम.जी.एम. अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI)

महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं
सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था), इंदौर (म.प्र.)

दूरभाष : 0731-2528516, Email : mahsimgm@gmail.com, Website : mahsimgm.in

क्र. 4105/प्रवेश/MAHSI/2023 इंदौर, दिनांक : 14.12.2023

प्रवेश सूचना : शैक्षणिक सत्र 2023-24
फिजियोथेरेपी एवं अन्य पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रोविजनल (अनंतिम) प्रवेश हेतु

स्टेट अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI), महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था), इंदौर के अंतर्गत संचालित फिजियोथेरेपी एवं अन्य पैरामेडिकल डिग्री, डिप्लोमा तथा प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों की प्रोविजनल (अनंतिम) प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 21.12.2023 से प्रारंभ हो रही है। विस्तृत विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र मय प्रवेश विवरणिका संस्था MAHSI की वेबसाइट **www.mahsimgm.in** एवं चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर की वेबसाइट **www.mgmmcindore.in** पर उपलब्ध होंगे एवं आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क के साथ वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से जमा किए जा सकेंगे।

- स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम एमपीटी ऑर्थोपेडिक्स/न्यूरोलॉजी/स्पोर्ट्स/कॉर्डियोथोरासिक/ऑब्स & गायनोकोलॉजी/ऑन्कोलॉजी/जिरियाट्रिक्स में उपलब्ध कुल 45 सीटों पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.पी.टी. डिग्री पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कुल 365 सीट उपलब्ध है। आवेदक को कक्षा 12वीं (10+2) परीक्षा मान्यता प्राप्त संस्था/बोर्ड से बॉयोलॉजी, फिजिक्स एवं केमेस्ट्री विषय में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया में मध्यप्रदेश राज्य शासन के आरक्षण संबंधी नियमों का पालन किया जावेगा।

महत्वपूर्ण तिथियां	डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र हेतु	स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हेतु
आवेदन पत्र एवं प्रवेश विवरणिका संस्था की वेबसाइट पर उपलब्धता	21.12.2023 से 22.01.2024 तक	21.12.2023 से 22.01.2024 तक
आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि	**22.01.2024**	22.01.2024
एम.पी.टी. प्रवेश परीक्षा (केवल स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु)	---	25.01.2024
काउंसिलिंग द्वारा प्रवेश की तिथियां	02.02.2024 से 05.02.2024	01.02.2024

नोट : उक्त तिथियों/प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के संभावित परिवर्तन की सूचना वेबसाइट **www.mahsimgm.in** एवं चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर की वेबसाइट **www.mgmmcindore.in** पर तथा संस्था के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगी। कृपया समय-समय पर वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
जी-21934/49278/2023 महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर

महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय

देवास मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) 456010

E-mail : regpsvvmp@rediffmail.com, Website : www.mpsvv.ac.in

क्र./म.पा.सं.वि./शोध/कु.स./23/4656 उज्जैन, दिनांक : 23.12.2023

अधिसूचित किया जाता है कि महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की विद्यावारिधि (पीएच.डी.) शोध प्रवेश परीक्षा (R.E.T.) 2023-24 के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.mpsvv.ac.in** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विस्तृत विवरण, नियम एवं निर्देश हेतु वेबसाइट का अवलोकन करें।

म.प्र. माध्यम/112949/49296/2023 कुलसचिव

बाणसागर परियोजना की बहुती नहर तथा नईगढ़ी माइक्रो 1 एवं 2 के निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्रता से करें पूरा

रीवा, बाणसागर परियोजना रीवा जिले के लिए प्राणदायी परियोजना है। इसके पानी से रीवा जिले के लगभग तीन लाख एकड़ क्षेत्र में पानी पहुंच रहा है। शेष निर्माणाधीन परियोजनाओं से अतिरिक्त तीन लाख एकड़ क्षेत्र में भी पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। बहुती नहर, नई गढ़ी 1 एवं 2 तथा त्योंथर फ्लो के पूरा हो जाने से शेष भाग में पानी पहुंचने लगेगा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल कलेक्ट्रेट रीवा में जल संसाधन विभाग अंतर्गत बाणसागर सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि बहुती नहर सहित नईगढ़ी माइक्रो एक एवं दो के निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्रता से पूरा करायें।

श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि विभाग व निर्माण एजेंसी समन्वय बनाकर नहर निर्माण कार्य को गति दें। प्रारंभिक चरण में मुख्य नहर के काम को शीघ्रता से कराएं। इसके बाद वितरिकाओं के निर्माण का कार्य कराया जाए। उन्होंने नहर निर्माण कार्यों में भू-अर्जन के कारण आ रही बाधाओं को प्रशासन के समन्वय से निराकृत करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि बहुती नहर के निर्माण से 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में तथा नई गढ़ी 1 व 2 के पूरा हो जाने से 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों के खेत तक पानी पहुंचने लगेगा। अत: त्वरित गति से शेष नहर निर्माण कार्यों को पूरा कराएं ताकि आगामी रबी सीजन तक किसानों के खेतों में पानी पहुंच सके।

उप मुख्यमंत्री ने बहुती में एक्वाडक्ट निर्माण के साथ ही मेंटेना कंपनी द्वारा टनल निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा इन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बाणसागर परियोजना से स्प्रिंकलर/खोज पद्धति द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के अद्यतन स्थिति तथा प्रस्तावित परियोजनाओं, सीतापुर हनुमना माइक्रो सिंचाई परियोजना से रीवा एवं मऊगंज जिले में सिंचाई सुविधा के बारे में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विभागीय अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली।

श्री शुक्ल ने विद्युत मण्डल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में बिजली पहुंचाने का कार्य प्राथमिकता से करें ताकि नियत समय तक स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा कराकर खेतों तक पानी पहुंचाया जा सके। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं विद्युत मण्डल के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 33/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2023-24 **भोपाल, दिनांक : 15.12.2023**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. नीमच जिले के रेल्वे समपार क्रमांक-120 (रतलाम चन्देरिया के रेल सेक्शन के कि.मी. 241/15-16) नीमच-छोटी सादडी मार्ग पर इलेक्ट्रिक पोल शिफ्टिंग कार्य सहित रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2023_PWDRB_319829_1	नीमच	पुल कार्य	द्वितीय	3453.15	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. हरदा जिले में खिरकिया शहर के अंदर खिरकिया बरूआ एम.डी.आर. मार्ग पर एल.सी. क्रमांक-195 पर रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319830_1	हरदा	पुल कार्य	द्वितीय	3072.97	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. नर्मदापुरम जिले में सिवनी मालवा से शिवपुर मार्ग के इटारसी खण्डवा रेल सेक्शन पर एल.सी. क्रमांक-218 पर रेल्वे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319831_1	नर्मदापुरम	पुल कार्य	द्वितीय	2775.55	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. मंदसौर जिले के सीतामऊ गंगधार मार्ग (चौमहला) के कि.मी. 13/6 पर चंबल नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319832_1	मंदसौर	पुल कार्य	षष्ठः	1860.03	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर मढ़ई मार्ग में इटारसी-जबलपुर रेलखण्ड के लेवल क्रॉसिंग क्रमांक-231 रेल्वे ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319834_1	नर्मदापुरम	पुल कार्य	द्वितीय	1801.95	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. हरदा जिले के अंतर्गत बिचोला से खरदाना मार्ग में अजनाल नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319835_1	हरदा	पुल कार्य	प्रथम	1267.52	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. मंदसौर जिले के नहारगढ़ बिल्लौद मार्ग के कि.मी. 3/6-8 में शिवना नदी पर एच.टी./एल.टी. लाइन विद्युत पोल शिफ्टिंग हॉय रेन्जिंग कार्य पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319836_1	मंदसौर	पुल कार्य	द्वितीय	1075.48	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. आगर मालवा जिले के अंतर्गत बगलामुखी माता मंदिर के समीप लखुन्दर नदी पर पहुंच मार्ग सहित एल.टी. 11 के.व्ही./33 के.व्ही. उच्चस्तरीय लाइन शिफ्टिंग एवं स्ट्रीट लाइन कार्य सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319837_1	आगर-मालवा	पुल कार्य	द्वितीय	1070.66	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 9. हरदा जिले के आदमपुर के सुरजना मार्ग में बाकुड नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319838_1	हरदा	पुल कार्य	द्वितीय	682.96	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 10. हरदा जिले के रीछी से धोलपुर मार्ग में गंजाल नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319839_1	हरदा	पुल कार्य	द्वितीय	640.22	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 11. हरदा जिले में झुगरिया से मनोहरपुरा मार्ग में बाकुड नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319841_1	हरदा	पुल कार्य	द्वितीय	582.86	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 12. हरदा जिले में नीमगांव से झाड़पा मार्ग पर अजनाल नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319843_1	हरदा	पुल कार्य	द्वितीय	582.31	केवल ऑनलाइन
कुल योग				**18865.66**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 05.01.2024 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
जी-21968/49281/2023 लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल

(पिछले पृष्ठ का शेष)

नोट - क्रमांक 06 से 11 के समर्थन में अभिलेखों की स्वप्रमाणित सत्यप्रतियां संलग्न करें।

स्थान :– आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक :– पूरा नाम .....

घोषणा-पत्र

मैं निष्ठापूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि :–

15. मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दी गई जानकारी तथ्यों पर आधारित एवं सत्य है।
16. मेरे ऊपर न्यायालय में किसी प्रकार का आपराधिक प्रकरण नहीं चल रहा है।
17. प्रशिक्षण अवधि में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने पर मेरा प्रवेश तत्काल निरस्त किया जा सकेगा।

स्थान :– आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक :– पूरा नाम .....

जी-22069/49284/2023

प्रशासन का विकेंद्रीकरण होगा - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश विधानसभा परिसर में मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जारी जनकल्याण और विकास की योजनाओं का क्रियान्वयन हमारी डबल इंजन की सरकार निरंतर प्रभावी रूप से कर रही है। विधानसभा निर्वाचन 2023 में प्रदेशवासियों ने विकास के प्रति जो विश्वास व्यक्त किया है, उससे संवैधानिक संस्थाओं का मान और विश्वास बढ़ा है। हमारा प्रयास है कि प्रशासन का विकेंद्रीकरण हो, अर्थात जिले पर जिला स्तरीय इकाई, संभाग पर संभाग स्तरीय इकाई और प्रदेश स्तर पर प्रदेश स्तरीय इकाई, विकास गतिविधियों के धरातल पर क्रियान्वयन में नीचे अपना श्रेष्ठतम योगदान दें। नवनिर्वाचित विधायक और मंत्रिपरिषद के सदस्य अपनी भूमिका अधिक प्रभावी तरीके से निभा सकें, इसके लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री अन्न (मोटे अनाज) के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश में सांस्कृतिक अभ्युत्थान का पर्व चल रहा है। हम भगवान बाबा महाकाल के साथ-साथ ओरछा, सलकनपुर और मैहर में महालोक निर्माण के लिये रोडमैप बना रहे हैं।

डॉ. यादव ने प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का स्वागत करते हुए मीडिया से अपेक्षा की कि मीडिया प्रतिनिधि रचनात्मक तथा सृजनात्मक भूमिका निभाएंगे तथा विकास और प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना सकारात्मक योगदान देंगे।

बिल्डिंग परमिशन और कम्पाउंडिंग के नियम प्रक्रिया का सरलीकरण हो - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा करते हुए

भोपाल, बिल्डिंग परमिशन और कम्पाउंडिंग के नियम और प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए। नियम स्पष्ट और सरल हों, जिसे आम आदमी आसानी से समझ सके और उसे कोई परेशानी न हो। सामान्य व्यक्ति जीवन में एक बार मकान बनाता है, अत: बिल्डिंग परमिशन आदि की व्यवस्था ऐसी की जाए, जिससे वह परेशान न हो और निर्धारित समय-सीमा में कार्य हो। नगरीय निकायों से नक्शे जल्दी पास कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भवन अनुज्ञा से संबंधित सॉफ्टवेयर का आकलन कर यह ज्ञात करें कि वर्तमान में औसतन कितने दिनों में भवन अनुज्ञा जारी की जा रही है। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग की विधानसभा के समिति कक्ष में हुई बैठक में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन द्वारा मांस और मछली के खुले में बिकने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इनके विक्रेताओं को परेशानी न हो, इस उद्देश्य से नगरीय निकायों द्वारा मांस-मछली मार्केट के लिए आवश्यक रूप से भवन निर्मित किए जाएं। जब तक भवन निर्मित नहीं होते तब तक मांस, मछली विक्रय के लिए स्थल निर्धारित कर अस्थाई शेड की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए। नगरीय निकायों के साथ-साथ बड़ी ग्रामीण पंचायतों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त बैठक लेकर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

डॉ. यादव ने कहा कि नगरीय निकायों के वित्तीय प्रबंधन को सशक्त करने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि जिस मद के लिए राशि केन्द्र या राज्य सरकार से प्राप्त हुई है, नगरीय निकाय उन राशियों का उपयोग उस मद के लिए ही करें। नगरीय निकायों व प्राधिकरणों में डिपॉजिट अथवा लोन लेकर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में सख्त वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित किया जाए। सजग और समयानुकूल ऑडिट व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि बेहतर वित्तीय प्रावधान और विकास कार्य हो सकें। वित्तीय अनियमितता पर सख्त कार्यवाही करें।

शहरों की बेहतर प्लानिंग सुनिश्चित की जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय भवनों के निर्माण के लिए भी नगरीय निकायों से अनुमति प्राप्त की जाए। नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड, पर्यटन सहित शासकीय भवन निर्माण में संलग्न सभी एजेंसियां बिल्डिंग परमिशन लें और निर्माण में बिल्डिंग लाइन, ओपन स्पेस, पार्किंग आदि का अनिवार्यत: ध्यान रखें। टीडीआर एवं टीओडी के क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि रहवासियों को सुविधा प्राप्त हो और शहरों की बेहतर प्लानिंग भी सुनिश्चित की जा सके। डॉ. यादव ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से संबंधित प्रोजेक्ट्स की प्लानिंग स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बेहतर तरीके से की जाए।

नवनियुक्त कृषि विस्तार अधिकारियों का अध्ययन भ्रमण और खेत पाठशाला

भोपाल, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बरखेड़ी कलां भोपाल में ट्रेनिंग कर रहे विभाग के 62 नवनियुक्त कृषि विस्तार अधिकारियों ने सीहोर जिले के बरखेड़ा खरेट ग्राम स्थित एनआरसीई पुनर्योजी कृषि केंद्र का भ्रमण कर खेत पाठशाला में प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन्हें विभागीय अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के साथ सॉलीडेरीडॉड संस्था के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। संचालक राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीएट) श्री के.पी. अहरवाल की विशेष उपस्थिति में प्रशिक्षणार्थियों को केंद्र में निर्मित पोषण वाटिका, गेबियन संरचना, गेहूं, अरहर, मटर, मसूर एवं फल तथा सब्जियों के फसल प्रदर्शन प्लॉट के माध्यम से पुनर्योजी कृषि से संबंधित जानकारी दी गई। इन फसलों में उपयोग की गई उन्नत तकनीकी के बारे में भी विशेषज्ञों द्वारा जानकारी भी दी गई।

खेत पाठशाला में शेड नेट में उगाई जाने वाली स्ट्राबेरी की फसल का प्रदर्शन भी प्रशिक्षार्थियों ने पूरी तन्मयता से देखा। जैविक खादों के निर्माण की प्रक्रिया तथा मृदा को समृद्ध बनाने वाली तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया गया। सॉलीडेरीडॉड विशेषज्ञों द्वारा स्मार्ट कृषि की अवधारणा तथा पुनर्योजी खेती के मानक स्तर एवं प्रमाणीकरण पर भी प्रकाश डाला गया। खेत पाठशाला में प्रगतिशील किसानों तथा पुनर्योजी कृषि अपनाने वाले किसानों ने भी अपने अनुभव प्रस्तुत किये। प्रशिक्षार्थियों की जिज्ञासाओं तथा तकनीकी प्रश्नों के उत्तर भी विशेषज्ञों द्वारा दिये गए। स्मार्ट कृषि तथा पुनर्योजी खेती के विशेषज्ञों में सोलीडरीडाड संस्था की ओर से प्रमुख रूप से डॉ. अनिल खरे, श्री रवि जायसवाल, सुश्री मिली घोष, श्री हृदयेश, श्री सुबोध सहस्त्रबुद्धे भी सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री ने मजदूरों के हित में लिया महत्वपूर्ण निर्णय

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हुकुमचंद मिल इंदौर के मजदूरों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने मजदूरों को मिलने वाली 464 करोड़ रुपये की बकाया राशि से संबंधित फाइल पर हस्ताक्षर कर अपनी स्वीकृति प्रदान की। इससे 25 हजार श्रमिक परिवारों के सदस्यों को राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि श्रमिकों का यह भुगतान 20 वर्षों से लंबित था। मुख्यमंत्री ने विधानसभा स्थित समिति कक्ष में नगरीय विकास एवं आवास विकास विभाग की समीक्षा बैठक के बाद इस फाइल पर हस्ताक्षर किए।

हनुवंतिया जल महोत्सव

वाटर एडवेंचर एक्टिविटीज की पहली पसंद

खंडवा, जल पर्यटन के लिए देशभर में प्रसिद्ध हनुवंतिया में जल महोत्सव का 8वां संस्करण शुरू हो गया है। एक बार फिर जल महोत्सव दिल को छू लेने वाली साहसिक गतिविधियां, जीवंत सांस्कृतिक अनुभव और प्रकृति की गोद में आलीशान प्रवास का अनूठा मिश्रण प्रदान करेगा। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि जल महोत्सव वाटर एडवेंचर एक्टिविटीज पसंद करने वाले पर्यटकों के लिए हमेशा से ही पहली पसंद रहा है। इस वर्ष भी सभी पर्यटक रोमांच और उत्साह से भरपूर गतिविधियों का आनंद लेकर अपने साथ अविस्मरणीय अनुभव लेकर जायेंगे।

प्रमुख सचिव ने बताया कि यादगार और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए भव्य टेंट सिटी स्थापित की गई है। टेंट सिटी हनुवंतिया के सुंदर दृश्यों के बीच पर्यटकों को एडवेंचर एक्टिविटीज करने के बाद आराम करने और अपनों के साथ समय व्यतीत करने का बेहतरीन अवसर देंगे। कल्चरल एक्टिविटीज के साथ-साथ यहाँ कई तरह की वैलनेस एक्टिविटीज का भी आयोजन किया जायेगा जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

श्री शुक्ला ने बताया कि वाटर एडवेंचर एक्टिविटीज, पर्यटकों को रोमांचक और अद्वितीय अनुभव से सराबोर कर देंगे। जेट स्की, स्पीड बोट, बनाना राइड, बंपर राइड, हॉट एयर बैलून, लैंड पैरासेलिंग, पैरा मोटर, रिवर्स/इजेक्शन बंजी आर्चरी, बोट एवं वाटर एक्टिविटीज, एटीवी बाइक राइड, आइलैंड पर ट्रेकिंग - हाइकिंग, हाई रोप कोर्स, जिप लाइन, जोरबिंग, वॉल क्लाइंबिंग और अन्य गतिविधियों का आनंद पर्यटक ले सकेंगे।

उल्लेखनीय हैं कि मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा सनसेट डेजर्ट कैंप के सहयोग से जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए उच्चतम मानक अनुसार व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

जनसम्पर्क आयुक्त ने पदभार ग्रहण किया

भोपाल, सचिव जनसम्पर्क श्री विवेक पोरवाल ने 21 दिसम्बर को जनसम्पर्क आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने जनसम्पर्क संचालनालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों की बैठक ली। जनसम्पर्क आयुक्त श्री पोरवाल ने जनसम्पर्क की कार्यप्रणाली की वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग के विभिन्न प्रभागों में किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने मध्यप्रदेश माध्यम में भी प्रबंध संचालक (एम.डी.) का पदभार ग्रहण किया।

मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

मरीजों को मिले बेहतर सुविधाएं और दवाईयां

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित हमीदिया चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया और डॉक्टरों को मरीजों को बेहतर सुविधाएं और समय पर दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और औषधियों की उलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डॉ. यादव ने नागरिकों से आयुष्मान कार्ड तथा दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने हमीदिया चिकित्सालय के थर्ड फ्लोर स्थित एसएनसीयू एवं एमएनयू वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला पुरुष एवं बाह्य रोगी कक्ष का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें, मरीजों को इलाज के लिए कोई परेशानी नहीं हो। सभी को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्पताल परिसर में भी मरीजों के परिजनों से विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हमीदिया चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करते हुए

डॉ. यादव ने अस्पताल में उपलब्ध मशीनों और आधुनिक उपकरणों का निरीक्षण किया और डॉक्टरों से जानकारी प्राप्त की।

प्रदेश में ढाई दिन में मिला बिजली कनेक्शन

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के कार्यक्षेत्र में घरेलू उपभोक्ताओं को ढाई दिन में नये बिजली कनेक्शन दिये जा रहे हैं। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि पूरे देश में घरेलू कनेक्शन देने में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। कंपनी कार्यक्षेत्र का बैतूल जिला प्रदेश का ऐसा पहला जिला है जहां ढाई दिन से भी कम समय में घरेलू उपभोक्ताओं को नये कनेक्शन दिये जा रहे हैं। बिलिंग की शिकायतों का निराकरण नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए अतिशीघ्र किया जाए। यह बात गोविन्दपुरा स्थित कंपनी मुख्यालय के सभागार में प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों की विद्युत वितरण व्यवस्था की समीक्षा बैठक के दौरान कही।

प्रमुख सचिव श्री दुबे ने निर्देशित किया कि बिजली चोरी बहुल क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए तथा बकाया राशि की वसूली सघनता से की जाए ताकि आगे आने वाले तीन माहों में सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। उन्होंने खराब तथा जले मीटरों को बदलने के लिए एक अभियान चलाने की जरूरत बताई और निम्नदाब के गैर घरेलू तथा औद्योगिक पॉवर श्रेणी के खराब तथा जले मीटरों को प्राथमिकता के आधार पर बदलने के लिए निर्देशित किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान

विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की बसाहटों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हों

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान की समीक्षा करते हुए

भोपाल, भारिया, सहरिया और बैगा जनजाति की बसाहटों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं और सेवा केन्द्रों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाए। मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, आवश्यकता और पूर्ति की जानकारी को तहसीलवार संकलित कराने के निर्देश दिए हैं। जानकारी को मानचित्र पर उनकी भौगोलिक स्थिति के साथ चिन्हांकित किया जाए। लक्ष्य पूर्ति के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार कर समय-सीमा में कार्रवाई की जाए। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भोपाल में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान की समीक्षा के दौरान जनजातीय कार्य विभाग और जनजाति प्रकोष्ठ राजभवन के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए कहीं।

राज्यपाल ने कहा कि महाअभियान का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। जरूरी है कि विशेष पिछड़ी जनजाति भारिया, सहरिया और बैगा की चिंहित बसाहटों के बाहर निवास करने वाले हितग्राहियों को भी महाअभियान के तहत लाभांवित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र परिवार वंचित नहीं रहे। अभियान की गतिविधियों का संचालन संवेदनशीलता और सेवा भाव के साथ किया जाए। उन्होंने भारिया, सहरिया और बैगा जनजाति परिवारों की आजीविका के लिए संचालित दुधारू पशु योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के हितग्राहियों की पहचान के लिए जनजाति अनुसंधान संस्थान द्वारा सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है। सर्वेक्षण का कार्य शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनातंर्गत देश के 18 राज्यों के 75 विशेष पिछड़ी जनजाति समूह को लाभांवित करने का लक्ष्य तय किया गया है।

नौ विभागों की गतिविधियों पर केंद्रित योजना

योजना के तहत 9 विभागों की 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों पर केंद्रित रहेगी। इसके अंतर्गत पक्का आवास, बेहतर पहुंच मार्ग, मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रावासों का निर्माण एवं संचालन, बिना बिजली वाले मकानों का विद्युतीकरण, पाइपलाइन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्धता, सामुदायिक जल उपलब्धता, आंगनवाड़ियों का निर्माण एवं संचालन, वन-धन विकास केन्द्रों का संचालन, बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, सड़कों एवं बहुउद्देशीय केन्द्रों में सौर ऊर्जा की उपलब्धता, शून्य दशमलव तीन किलोवॉट सोलर ऑफ-ग्रिड की स्थापना, मोबाइल टॉवर की स्थापना, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास सहित विभिन्न कार्य शामिल हैं।

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर को मुख्यमंत्री ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री नरेन्द्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष पद की शपथ लेने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। श्री तोमर मध्यप्रदेश विधानसभा के 19वें अध्यक्ष हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री नरेन्द्र तोमर का नाम विधानसभा अध्यक्ष के लिये सर्वमान्य रहा। उनके व्यक्तित्व का ही प्रभाव है कि उनके नाम को सभी दलों ने स्वीकारा और उन्हें समर्थन दिया। उनका सुदीर्घ प्रशासनिक अनुभव, सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण और सबको साथ लेने की क्षमता उन्हें सर्वमान्य बनाती है। श्री तोमर के पुरुषार्थ, परिश्रम, विनम्रता और सहज सरल स्वभाव से सदन गौरवान्वित है। निश्चित ही उनके अध्यक्षीय दायित्व निर्वहन से सदन की गरिमा में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की आजादी के अमृत काल में लोकतंत्र के इस मंदिर में अध्यक्ष श्री तोमर के ज्ञान, कौशल एवं अनुभव का लाभ प्राप्त होगा। डॉ. यादव ने प्रोटेम स्पीकर श्री गोपाल भार्गव के कुशल दायित्व निर्वहन तथा शपथ ग्रहण एवं प्रतिज्ञान की कार्यवाही के सुगम संचालन के लिये आभार व्यक्त किया।

रीवा सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का होगा एक्सटेंशन - श्री शुक्ल

भोपाल, रीवा सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल विंध्य क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की लाइफलाइन है। यह पूरे क्षेत्र को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। विंध्य क्षेत्र की बढ़ती स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये सुपर-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का विस्तार समय की मांग है। यह बात उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने विधानसभा में आवंटित कक्ष में हुई विशेष बैठक में कही। सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रीवा के एक्सटेंशन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का चिकित्सकीय स्टाफ पूरी मेहनत और लगन से कार्य कर रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समुचित चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करने के लिए चिकित्सकीय स्टाफ के साथ अन्य सहयोगी स्टाफ की संख्या में वृद्धि करने की कार्यवाही करें, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय की जा सकें।

उप निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण कराने के निर्देश

भोपाल, नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 के लिये निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। उप निर्वाचन के लिये विभिन्न कार्यों में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपेक्षा अनुरूप कार्य करने के लिये प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने संबंधित कलेक्टर्स को दिये हैं। श्री सिंह ने कहा है कि जिले में ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति कर निर्वाचन के विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण करवाकर कार्य संपादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि प्रशिक्षण में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुति, मतदान दलों को सामग्री वितरण/वापसी मतदान दिवस की व्यवस्था एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा से संबंधित विषय शामिल किये जायें।

मध्यप्रदेश संकल्प पत्र-2023

मध्यप्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए बनेगी मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स

भोपाल, खेती की समृद्धि के लिये 32,000 करोड़ रुपये की सिंचाई परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिये मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स बनाई जायेगी। मध्यप्रदेश संकल्प पत्र-2023 में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करते हुए खेती को आधुनिक और समृद्ध बनाने की गारंटी दोहराई गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संकल्प-पत्र प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी है। इसके क्रियान्वयन के लिये उन्होंने सभी विभागों को सात दिन में रोड-मैप बनाकर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये हैं। ग्वालियर एवं चंबल में माधवराव सिंधिया सिंचाई परियोजना, नरसिंहपुर, रायसेन और होशंगाबाद में चिंकी-बोरास बैराज परियोजना, नरसिंहपुर-छिंदवाड़ा में शक्कर-पेंच लिंक संयुक्त परियोजना, छिंदवाड़ा में पेंच डायवर्सन परियोजना, खंडवा में खंडवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, पन्ना में रूंझ मध्यम सिंचाई परियोजना और मझगांव मध्यम सिंचाई परियोजना पन्ना, रीवा, सतना, कटनी एवं जबलपुर में बरगी परियोजना, कटनी में बहोरीबंद माइक्रो सिंचाई परियोजना, हरदा में शहीद इलाप सिंह उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, श्योपुर में चेंटीखेड़ा मुख्य सिंचाई परियोजना, सतना एवं रीवा में बहुती नहर परियोजना पूरी होने से प्रदेश का कृषि परिदृश्य पूरी तरह बदल जायेगा।

उज्जैन में चना अनुसंधान संस्थान और डिंडोरी में श्री अन्न अनुसंधान संस्थान स्थापित किया जायेगा। सोयाबीन फसल को सहकारी तेल मिल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। श्री अन्न की खेती को प्रोत्साहित करने के लिये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से श्री अन्न उत्पादकों को 1,000 रुपये प्रति एकड़ प्रति फसल सम्मान राशि दी जायेगी। श्री अन्न की फसल बोने पर लघु एवं सीमांत किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में देय प्रीमियम में सब्सिडी दी जायेगी।

अगले 5 वर्षों में दाल उत्पादन बढ़ाने के लिये मध्यप्रदेश में मिशन दाल शुरू किया जायेगा। सरकार द्वारा एमएसपी पर अरहर, मूंग, उड़द एवं मसूर जैसी सभी दालों की खरीद की व्यवस्था को और ज्यादा मजबूत बनाया जायेगा। दाल-विशिष्ट एफपीओ स्थापित करेंगे। पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से 80 लाख से अधिक किसानों को हर साल रुपये 12,000 की वित्तीय सहायता मिल रही है। पिछले साढ़े तीन वर्षों में किसानों के खातों में विभिन्न योजनाओं में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के लाभ दिए गए हैं।

पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को पिछले 3 वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। इसके आलावा 44,600 करोड़ रुपये से ज्यादा लागत की केन-बेतवा सिंचाई परियोजना को स्वीकृति मिल गई है।

गौवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा

रीवा, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वन्य विहार के संपूर्ण परिसर में सघन वृक्षारोपण के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने सभी पेड़ों को जीवित और सुरक्षित करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ऑफिस निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें और टमस नदी से गौ वन्य विहार तक पानी की व्यवस्था का कार्य करें।

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में किया गया नेचर कैम्प का आयोजन

भोपाल, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में छात्र-छात्राओं में वन, वन्यप्राणियों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दृष्टि से भोपाल शहर एवं उसके आस-पास के ग्रामों के शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये एक दिवसीय नेचर कैम्प आयोजित किया गया। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सैमराकला भोपाल के 50 छात्र-छात्राओं एवं 2 शिक्षकों ने उक्त नेचर कैम्प में भाग लिया। कार्यक्रम में स्रोत व्यक्ति रूप में श्री ए.के. खरे से.नि. उप वनसंरक्षण एवं पक्षीविद के रूप में मो. खालिक, भोपाल बर्ड्स उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को पक्षी दर्शन, तितली, वन्यप्राणी दर्शन, फिल्म शो, स्थल पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी, वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों की जानकारी दी गई। वन विहार के विभिन्न स्थलों पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया।

राष्ट्रीय बालरंग

विविध संस्कृतियों से परिचय का मंच है 'बालरंग'

प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी बालरंग में प्रतिभागियों को सम्मानित करती हुई

भोपाल, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 'राष्ट्रीय बालरंग' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रीमती शमी ने कहा कि यह बालरंग कार्यक्रम केवल सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम ही नहीं है, बल्कि एक-दूसरे की संस्कृति को जानने और सीखने का एक सशक्त माध्यम भी है। बालरंग के इस मंच के माध्यम से देश भर के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों को एक दूसरे के समीप आने का अवसर मिलता है और उनमें मित्रता का संबंध स्थापित होता है। विविध साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियां उनको भविष्य में कॅरियर चुनने में सहायक बनती हैं। श्रीमती शमी ने बताया कि इस वर्ष बालरंग में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ स्कूल शिक्षा विभाग ने उद्यम संस्था के साथ तेजस्वी कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसमें बच्चों में उद्यमशीलता को विकसित करने का ध्येय समाहित है।

बच्चों में उद्यमशीलता विकसित करने के उद्देश्य से बालरंग प्रतियोगिता में एक स्टॉल भी लगाया गया है, जिसमें बच्चों के द्वारा निर्मित वस्तुओं का विक्रय बच्चों में उद्यम कौशल (एंटरप्रेन्योरशिप स्किल्स) विकसित करेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कॅरियर की राहें

नए दौर में रेडियो जॉकी (आरजे) के कॅरियर के साथ ग्लैमर और प्रतिष्ठा

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुए आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।



इन दिनों रेडियो प्रसारण की बढ़ती लोकप्रियता के बीच वे युवा जिनकी अच्छी प्रभावी आवाज है और जिनकी भाषा पर मजबूत पकड़ है, वे स्कूल-कॉलेज में पढ़ाई करने के साथ ही आरजे अर्थात रेडियो जॉकी यानी रेडियो कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता के रूप में कॅरियर बनाने का सपना साकार करते हुए अपनी मुट्ठी को ग्लैमर से चमकते नाम, शोहरत और पैसा इन तीनों से भरपूर कर सकते हैं।

आरजे के पेशे की खासियत आवाज का वह जादू है, जो लोगों को दीवाना बना देता है। यह ऐसी आवाज होती है, जो एक ही समय पर हजारों लोगों को अपने काबू में रखने में सक्षम होती है। आज के समय में युवाओं को रेडियो जॉकी किसी सेलिब्रेटी से कम नहीं लगते। इसलिए अगर आपके अंदर भी अपनी आवाज के जादू से लोगों को बांध लेने की ताकत है और आप अपने आसपास हो रहे घटनाक्रम पर न केवल पैनी निगाह रखते हैं, बल्कि उस पर अपने विश्लेषण की क्षमताएं भी रख सकते हैं तो आरजे का कॅरियर आपके लिए भी हो सकता है।

'एफएम' क्रांति से बढ़ी रेडियो और आरजे की लोकप्रियता

उल्लेखनीय है कि कोई पांच-छह दशक पहले जब टेलीविजन आम आदमी तक नहीं पहुंचा था तब तक रेडियो का दुनिया पर राज रहा। साफ आवाज, अच्छा प्रसारण और सुलभ सेवा की वजह से रेडियो लोकप्रिय होता चला गया। भारत में 'एफएम' क्रांति की शुरुआत नब्बे के दशक में हुई। रेडियो अब फिर वापसी कर रहा है, और यह पहले से कहीं अधिक रोमांचक है। एक साथ कई 'एफएम' रेडियो स्टेशन शुरू होने से इस पेशे का ग्लैमर आसमान छूने लगा है। माय एफएम, रेड एफएम, बिग रेडियो मिर्ची, रेडियो सिटी आदि ढेरों एफएम रेडियो स्टेशनों के खुलने से रोज़गार के असीमित अवसर पैदा हो रहे हैं। देश में बहुत से रेडियो चैनल्स मौजूद हैं, जिन्हें लोग सराह रहे हैं। देश के कोने-कोने में स्थित रेडियो स्टेशन के नेटवर्क से देश की 99 प्रतिशत आबादी तक रेडियो की पहुंच बन गई है। रेडियो अब घरों से निकलकर लोगों के हाथों तक पहुंच गया है। लोग बसों में सफर करते हुए, कार चलाते हुए यहां तक कि पैदल चलते हुए भी रेडियो सुनना पसंद करते हैं।

आरजे बनने के लिए चाहिए प्रभावशाली आवाज और प्रस्तुतिकरण

एक सफल आरजे बनने के लिए कई स्किल्स जरूरी हैं। आरजे के लिए प्रभावी आवाज के साथ प्रभावी प्रस्तुतिकरण, एक बेहतर वक्ता होने के साथ कार्यक्रम प्रसारण की हर परिस्थिति को अच्छी तरह से संभालने के गुणों से भरपूर होना जरूरी होता है। इसके लिए आत्मविश्वासी व हाजिर जवाब होना भी जरूरी है। आवाज प्रभावशाली होने के साथ ही उच्चारण बेहद साफ व आवाज पर नियंत्रण भी जरूरी है। यह क्षमता भी होनी चाहिए कि अपनी आवाज के उतार-चढ़ाव द्वारा लोगों को न केवल आकर्षित किया जा सके, वरन उन्हें कार्यक्रम को सुनने के लिए बांधकर भी रखा जा सके।

ऐसे कई रेडियो स्टेशन हैं जो बुनियादी भाषाओं हिन्दी व सामान्य अंग्रेजी की मांग करते हैं, जबकि कुछ ऐसे भी हैं जिनके लिए क्षेत्रीय या बोलचाल की भाषा जानने की आवश्यकता होती है। आरजे की आवाज में अपनापन झलकना चाहिए। आरजे अच्छा दोस्त और सलाहकार भी दिखाई देना चाहिए। वह हंसी-मजाक भी करता है, पसंद का संगीत सुनाता है और एंटरटेन भी करता है। श्रोताओं की पसंद-नापसंद और मन की बात की अच्छी समझ होनी चाहिए।

प्रत्येक आरजे की अपनी अलग शैली होती है। बोलने की अलग स्टाइल डेवलप की जाए तो भीड़ से अलग दिख सकते हैं। एक ही शैली में बोलते रहने से श्रोता बोर हो जाएँगे इसलिए आवाजें बदलकर बोलने की कला भी आपको आनी चाहिए। इससे आपको श्रोताओं का ज्यादा प्रतिसाद मिलेगा। पूरे प्रोग्राम की स्क्रिप्ट हो यह संभव नहीं, इसलिए खुद अपने तरीके से लाइव कार्यक्रम का संचालन आना नितांत जरूरी है।

रेडियो जॉकी को न सिर्फ देश-विदेश में होने वाली गतिविधियों की जानकारी होनी चाहिए, बल्कि उसे अपने शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में भी पता होना चाहिए ताकि वह अपने शो को और भी बेहतर व इंफोमेटिव बना सके। वस्तुतः रेडियो जॉकी का कार्य सिर्फ रेडियो शो करना नहीं होता, उसे प्रोग्रामिंग, स्टोरी राइटिंग, रेडियो एडवरटाइजिंग करने से लेकर ऑडियो मैग्जीन और डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत करना होता है। रेडियो जॉकी की जॉब ऑफिस टाइम की रेगुलर जॉब नहीं है। यहां आपको दिन या रात कभी भी शो होस्ट करना होता है।

एक रेडियो जॉकी के पास रेडियो शो के निर्माण में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों को संभालने के लिए बुनियादी तकनीकी ज्ञान भी होना चाहिए साथ ही फोन या ईमेल और ऑनलाइन चैट के माध्यम से संचार योग्यताओं में दक्ष भी होना होता है।

आरजे बनने के लिए शैक्षणिक और उम्र संबंधी योग्यताएं

आरजे बनने के लिए कोई विशिष्ट शैक्षणिक योग्यता और प्रोफेशनल कोर्स अनिवार्य नहीं है, लेकिन 12वीं के बाद किसी भी कॉलेज या इंस्टीट्यूट से मॉस कम्युनिकेशन या रेडियो प्रोग्रामिंग/जॉकिंग में डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स लाभप्रद हो सकता है। मुख्य रूप से डिप्लोमा इन रेडियो प्रोग्रामिंग व ब्रॉडकास्ट मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन रेडियो प्रोडक्शन व रेडियो जॉकी, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रेडियो एंड ब्रॉडकास्ट मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट कोर्स इन रेडियो जॉकिंग अधिक उपयोगी माने जाते हैं। इसके अलावा अल्प अवधि के क्रैश कोर्स भी उम्मीदवारों के लिए काफी उपयोगी होते हैं, जिसे करने के बाद इस क्षेत्र में पदार्पण किया जा सकता है। इस तरह की शिक्षा हासिल करते समय एक बात का विशेष ध्यान रखें कि प्रशिक्षण संस्थान में सिर्फ दाखिला मिल जाने या डिग्री हासिल कर लेने भर से रेडियो जॉकी नहीं बना जा सकता है। निरंतर अभ्यास और अनुभव से ही इस क्षेत्र में नाम और दाम कमाया जा सकता है।

यद्यपि प्रायवेट एफएम रेडियो स्टेशनों के लिए योग्यता और उम्र संबंधी कोई पाबंदी नहीं होती है, लेकिन सरकारी रेडियो प्रसारण केंद्रों पर एक आरजे के लिए स्नातक होना अनिवार्य है और उसकी आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

आरजे के लिए कॅरियर के विविध आयाम

आज के समय में देश की मीडिया इंडस्ट्री में रेडियो जॉकी के लिए काम की कोई कमी नहीं है। अच्छे आरजे बनने के गुणों से संपन्न होकर एआईआर से लेकर टाइम्स एफएम, रेडियो मिर्ची, रेडियो मिड-डे, रेडियो वाणी व अन्य लोकल रेडियो स्टेशंस में जॉब प्राप्त किया जा सकता है। थोड़े अनुभव के बाद वॉइस ओवर, कमर्शियल, लाइव शो होस्ट, टेलीविजन शो व फिल्मों के लिए भी मौके सामने होते हैं। रेडियो जॉकी के रूप में अनुभव और योग्यताएँ बढ़ने के बाद उसके लिए कई ऊंचे पदों की संभावनाएं निर्मित होती हैं।

प्रोडक्शन डायरेक्टर

यह वह पद है जिसे एक वरिष्ठ ऑन-एयर व्यक्तित्व होने के बाद प्राप्त किया जा सकता है। यह वह व्यक्ति है जो ऑन-एयर ट्रैफिक को नियंत्रित करता है और उत्पादन को शेड्यूल करता है और कार्यक्रमों की रणनीति बनाता है।

एफएम चैनलों की संख्या लगातार बढ़ते जाने से आरजे की कमाई में पहले की तुलना में काफी इजाफा हुआ है। स्टेशन प्रबंधक का पद रेडियो स्टेशन पर वरिष्ठ पदों में से एक है। यह स्टेशन के मुद्दों और कार्यक्रमों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार व्यक्ति है। अनुभव प्राप्त करने के पश्चात् व लोगों का प्यार मिलने के बाद इस फील्ड में सैलरी व सुविधाएं चमकीले प्रोफेशंस की तरह ऊंचाई पर पहुंच सकती है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. आईसीसी वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप-2023 में किस बल्लेबाज ने सबसे ज्यादा रन बनाये हैं?
(अ) विराट कोहली
(ब) क्विंटन डिकॉक
(स) रोहित शर्मा
(द) डेरिल मिशेल

2. इनमें से किस पूर्व क्रिकेटर को पाकिस्तान क्रिकेट टीम का निदेशक बनाया गया है?
(अ) वहाब रियाज
(ब) शाहिद अफरीदी
(स) वसीम अकरम
(द) मोहम्मद हफीज

3. वर्ष 2024 में आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्डकप किस देश में खेला जाएगा?
(अ) द. अफ्रीका (ब) वेस्टइंडीज
(स) न्यूजीलैंड (द) श्रीलंका

4. वर्ष 2023 में किस पुरुष खिलाड़ी को फुटबॉल का प्रतिष्ठित बेलोन डि ओर पुरस्कार दिया गया है?
(अ) किलियन एम्बाप्पे
(ब) लियोनल मेसी
(स) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(द) हैरी केन

5. तेजिंदरपाल सिंह तूर ने एशियन गेम्स-2023 में किस खेल में स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) कुश्ती (ब) निशानेबाजी
(स) एथेलेटिक्स (द) तीरंदाजी

6. इनमें से किस खिलाड़ी ने इस वर्ष फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट जीता है?
(अ) केंटो मोमोटा
(ब) लक्ष्य सेन
(स) विक्टर एक्सेलसन
(द) जोनाथन क्रिस्टी

7. ईरानी ट्रॉफी किस खेल से संबंधित एक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है?
(अ) फुटबॉल (ब) कबड्डी
(स) क्रिकेट (द) गोल्फ

8. इंग्लैंड ने किसकी कप्तानी में वर्ष 2022 में आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप जीता था?
(अ) बेन स्टोक्स (ब) सैम कुरेन
(स) जेसन रॉय (द) जोस बटलर

9. वर्ष 2023 में किस देश ने बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट जीता है?
(अ) कनाडा (ब) इटली
(स) चेक रिपब्लिक
(द) ऑस्ट्रेलिया

10. भारत के किस शहर में इस वर्ष मोटो जीपी रेस आयोजित की गई थी।
(अ) नोएडा (ब) हैदराबाद
(स) मोहाली (द) बेंगलुरु

11. इनमें से किस देश के नाम सबसे ज्यादा बार रग्बी वर्ल्डकप जीता है?
(अ) न्यूजीलैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) चेक रिपब्लिक
(द) दक्षिण अफ्रीका

12. इनमें से किस बल्लेबाज ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाए हैं?
(अ) रोहित शर्मा (ब) क्रिस गेल
(स) शाहिद अफरीदी
(द) महेंद्र सिंह धोनी

13. टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज हैं?
(अ) चेतन शर्मा (ब) हरभजन सिंह
(स) इरफान पठान (द) मोहम्मद शमी

14. युवा फुटबॉलर एंजो फर्नांडेज अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) अर्जेंटीना (ब) इटली
(स) बेल्जियम (द) क्रोएशिया

15. इनमें से किस देश के नाम सबसे ज्यादा बार महिला यूरो कप जीतने का रिकॉर्ड है।
(अ) स्वीडन (ब) इटली
(स) नॉर्वे (द) जर्मनी

16. भारत की पुरुष क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स-2023 में कौन-सा पदक जीता है?
(अ) स्वर्ण पदक (ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

17. भारत ने वर्ष 2023 में आयोजित पैरा एशियन गेम्स में कितने पदक जीते हैं?
(अ) 107 (ब) 111
(स) 113 (द) 118

18. नीरज चोपड़ा के अलावा इनमें से किस खिलाड़ी ने एशियन गेम्स-2023 की भाला फेंक स्पर्धा में पदक जीता है?
(अ) डी.पी. मनु (ब) शिवपाल सिंह
(स) किशोर जेना
(द) इनमें से कोई नहीं

19. इनमें से किस खेल को लॉस एंजिलिस ओलिंपिक-2028 में शामिल किया गया है?
(अ) कबड्डी (ब) क्रिकेट
(स) मार्शल आर्ट्स
(द) इनमें से कोई नहीं

20. लेब्रॉन जेम्स किस खेल के जाने-माने खिलाड़ी हैं?
(अ) जिम्नास्टिक (ब) फुटबॉल
(स) बास्केटबॉल (द) आईस हॉकी

21. इस वर्ष यूएस ओपन में किस खिलाड़ी ने महिला एकल वर्ग का खिताब जीता है?
(अ) आर्यना सबालेंका
(ब) मेडिसन कीज
(स) कैरोलिना प्लिस्कोवा
(द) कोको गॉफ

22. स्पेन ने कितनी बार फीफा महिला फुटबॉल वर्ल्डकप जीता है?
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार
(द) इनमें से कोई नहीं

23. अवनि लखेरा ने पैरा एशियन गेम्स-2023 में किस खेल में स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) तैराकी (ब) निशानेबाजी
(स) एथेलेटिक्स (द) जिम्नास्टिक

24. विश्व एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप-2023 में पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में विजेता बने हैं?
(अ) अर्मांड डुप्लेंटिस
(ब) कर्टिस मार्शल
(स) क्रिस निल्सन (द) वायन पिनॉक

उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (अ), 4. (ब), 5. (स), 6. (द), 7. (स), 8. (द), 9. (अ), 10. (ब), 11. (द), 12. (स), 13. (ब), 14. (अ), 15. (द), 16. (अ), 17. (ब), 18. (स), 19. (ब), 20. (स), 21. (द), 22. (अ), 23. (ब), 24. (अ)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

रिजुल मैनी

भारतवंशी बनीं मिस इंडिया यूएसए

भारतीय मूल की 24 वर्षीय अमेरिकी छात्रा रिजुल मैनी ने मिस इंडिया यूएसए 2023 का खिताब जीत लिया है। प्रतियोगिता में अमेरिका के 25 से ज्यादा राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उन्हें न्यूजर्सी में आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता में 'मिस इंडिया यूएसए' का ताज पहनाया गया। अमेरिका के मिशिगन में मेडिकल स्टूडेंट रिजुल ने खिताब जीतने के बाद इंस्टाग्राम पर माता, पिता, टीचर, दोस्तों को धन्यवाद दिया। यह कॉन्टेस्ट भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों के लिए है।

कोरोनल होल

सूर्य में हुआ कोरोनल छिद्र समा सकती हैं 60 पृथ्वियां

सूर्य में 7.56 लाख किलोमीटर का कोरोनल होल हो गया है। इसमें 60 पृथ्वी समा सकती हैं। कोरोनल होल सामान्य घटना है, लेकिन यह खास इसलिए हो गई क्योंकि सूर्य का 11 साल का सोलर पार्टिकल इवेंट्स का चक्र भी 2024 में पूरा हो रहा है। आशंका है कि 500-800 किलोमीटर प्रति सेकंड से सौर हवाएं चलेंगी। इससे G-2 जियो मैग्नेटिक तूफान आ सकता है, परिणामस्वरूप रेडियो सिग्नल ब्लॉक हो सकते हैं।

पीटर पार्क

17 साल की उम्र में बने वकील

अमेरिका में 17 साल के पीटर पार्क स्टेट बार ऑफ केलिफोर्निया की परीक्षा पास कर वकील बन गए हैं। तुलारे काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी कार्यालय के मुताबिक पीटर पार्क ने सबसे कम उम्र में स्टेट बार ऑफ कैलिफोर्निया की परीक्षा पास की है। स्टेट बार के कार्यकारी निदेशक लिआ विल्सन का कहना है कि किसी भी किशोर का इतनी कम उम्र में परीक्षा पास कर लेना असाधारण उपलब्धि है।

ऑस्ट्रेलिया

गहरे अंतरिक्ष में संचार सक्षम दूरबीन स्थापित

ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में अंतरिक्ष यात्रियों के साथ संचार करने में सक्षम एक नया टेलिस्कोप स्थापित किया गया। आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में क्वांटम ऑप्टिकल ग्राउंड स्टेशन से अंतरिक्ष में डेटा भेजने और प्राप्त करने के लिये अनुकूल ऑप्टिकल तकनीक तथा लेजर का उपयोग करता है, जिससे अगली पीढ़ी के अंतरिक्ष मिशनों और उसके यात्रियों के साथ संचार और फिल्मांकन की अनुमति मिलती है। यह स्टेशन कैनबरा के पश्चिम में ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी माउंट स्ट्रोमलो वेधशाला पर स्थापित है।

एआई मॉडल जैमिनी

गूगल ने लॉन्च किया

गूगल ने एआई मॉडल जैमिनी को लॉन्च करके एआई के एक नए युग की शुरुआत की है। जैमिनी गूगल का लेटेस्ट लॉर्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) है। जून में पहली बार इसे इनपुट और आउटपुट डेवलपर कॉन्फ्रेंस में शो किया था। अब इसे लोगों के लिए लॉन्च कर दिया गया है। एंड्रायड डिवाइस के लिए जैमिनी नेनोलाइटर वर्जन बनाया गया है। जैमिनी प्रो-एडवांस्ड गूगल एआई सर्विसेज को पॉवर करेगा। यह सबसे शक्तिशाली एलएलएम है।

फातिमा वसीम

सियाचिन ऑपरेशनल पोस्ट पर पहली महिला अफसर तैनात

सियाचिन ग्लेशियर में सेना की ऑपरेशनल पोस्ट पर पहली बार महिला मेडिकल ऑफीसर की तैनाती की गई है। कैप्टन फातिमा वसीम को ये जिम्मेदारी 15 हजार 200 फीट की ऊंचाई पर संभालनी होगी। सोशल मीडिया एक्स पर सेना के फायर एंड फ्यूरी कोर ने इस बात की जानकारी देते हुए वीडियो जारी किया है जिसमें सियाचिन बैटल स्कूल में फातिमा ट्रेनिंग लेती नज़र आई हैं। इनका काम सियाचिन ग्लेशियर की सुरक्षा करना है।

लिज मैंगिल

यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिवेनिया की अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

अमेरिका के शीर्ष विश्वविद्यालयों में शामिल यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिवेनिया की अध्यक्ष लिज़ मैंगिल ने विरोध के चलते अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। लिज का यह यूनिवर्सिटी ऑफ अध्यक्ष के तौर पर दूसरा साल है। यूनिवर्सिटी की ओर से कहा गया है कि लिज़ यूनिवर्सिटी के कैरे लॉ स्कूल की फैकल्टी सदस्य बनीं रहेंगी। लिज़ की कॉलेज कैंपस में बढ़ते यहूदी विरोध को लेकर यूएस कॉंग्रेस के सामने पेशी हुई थी। तभी उन्होंने इस्तीफा देने की घोषणा कर दी थी।

अनास्तासिया पलास्जुक

क्वींसलैंड के प्रधानमंत्री पद से दिया इस्तीफा

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड राज्य की प्रमुख अनास्तासिया पलास्जुक ने नौ साल के कार्यकाल के बाद राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। अगले सप्ताह प्रधानमंत्री के रूप में पद छोड़ने वाली पलास्जुक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगला प्रधानमंत्री जनता के समर्थन से ही बनेगा। उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के रूप में वर्तमान उपप्रधानमंत्री स्टीवन पाइल्स का नाम लिया है।

विकिपीडिया

सबसे ज्यादा पढ़े गए शब्द

विकिपीडिया को संचालित करने वाले विकिमीडिया फाउंडेशन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अंग्रेजी विकिपीडिया को अकेले इस वर्ष 84 बिलियन से अधिक बार देखा गया। इस वर्ष के शीर्ष पांच लेख चैटजीपीटी (49,490,406 पेज व्यू), इसके बाद 2023 में मृत्यु (42,666,860) रहे। तीसरे स्थान पर 2023 क्रिकेट विश्वकप (38,171,653), चौथे स्थान पर इंडियन प्रीमियर लीग (32,012,810) और फिल्म ओपेनहाइमर (28,348,248) है।

तसनीम सैफ

प्रेरक एजुकेटर अवॉर्ड मिला

एमजेसी की वर्ष 1996 बैच की स्टूडेंट तसनीम सैफ को मलेशिया की टेलर्स यूनिवर्सिटी के द्वारा शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए प्रेरक ऐजुकेटर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि एजुकेशनल रिसर्च एंड कम्युनिटी डेवलपमेंट पर तसनीम सैफ के अनुभव आधारित सामाजिक उद्यमिता के लेख यूनेस्को के संसाधन एवं नीति कार्यों में शामिल किए जाएंगे।

एडोआर्डो सेंटिनी

मॉडलिंग कॅरियर को छोड़कर बनेंगे पादरी

इटली के सबसे हैंडसम आदमी अपने मॉडलिंग कॅरियर को छोड़कर अब पादरी बनेंगे। एडोआर्डो ने 2019 में महज 17 वर्ष की उम्र में इटली देश के सबसे हैंडसम व्यक्ति का खिताब पाया था। तब वे मॉडल, एक्टर, डांसर थे। अब उन्होंने यह पेशा छोड़ने का फैसला लिया। वह अपने धर्म की ख़िदमत करेंगे। उल्लेखनीय है कि एडोआर्डो के इंस्टाग्राम पर एक लाख फॉलोअर्स हैं। उनकी इस घोषणा से सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गयी है।

रोजर बिन्नी

डब्ल्यूपीएल समिति के अध्यक्ष बने

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए रोजर बिन्नी (पूर्व क्रिकेटर) को अध्यक्ष नामित किया है। इसके साथ ही आठ सदस्यों की एक समिति भी बनायी गई है। जिसका संयोजक बीसीसीआई सचिव जय शाह को बनाया गया है। समिति के सभी सदस्य डब्ल्यूपीएल में प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार करने के लिए हितधारकों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के साथ मिलकर काम करेंगे।

एयर न्यूजीलैंड

2026 तक उड़ाएगा बैटरी से चलने वाला विमान

न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय एयरलाइन एयर न्यूजीलैंड 2026 तक बैटरी से चलने वाला विमान उड़ाने की तैयारी में है। इसको लेकर की गयी घोषणा में कहा है कि उनका लक्ष्य इलेक्ट्रिक विमान उड़ाने वाली दुनिया की पहली एयरलाइन बनना है। इसके लिए अमेरिका की एयरोस्पेस निर्माता बीटा टेक्नोलॉजीज को ई-विमान बनाने का ऑर्डर दिया गया है। शुरुआत में घरेलू मार्गों पर कार्गो संबंधी कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

रूस में

चुनाव से पहले देश नहीं छोड़ सकेंगे नागरिक

रूस ने अपने नागरिकों पर संपूर्ण रूप से ट्रैवल बैन लगा दिया है। व्लादिमीर पुतिन प्रशासन प्रतिबंधित लोगों के पासपोर्ट भी ज़ब्त कर रहा है। इन नागरिकों को 5 दिनों के भीतर अपना पासपोर्ट सरकार के सामने सरेंडर करना होगा। उल्लेखनीय है कि रूस में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं और पुतिन पांचवीं बार सत्ता की दौड़ में हैं। रूस के कानून के मुताबिक अधिकारियों, सिपाहियों, संघीय सुरक्षा सेवा या फेडरल सिक्योरिटी सर्विस (एफएसबी) के कर्मचारियों, दोषियों या ऐसे लोगों पर खासतौर पर नज़र रहेगी जिनके पास देश के गुप्त या किसी विशेष मुद्दों की जानकारी है।

नरगिस मोहम्मदी

ईरानी सोशल-एक्टिविस्ट के बच्चों ने लिया नोबेल शांति पुरस्कार

सामाजिक कार्यकर्ता 51 वर्षीय नरगिस मोहम्मदी को 31 साल की जेल की सजा मिली हुई है। जिसके तहत वह सालों से ईरान की राजधानी तेहरान की इविन जेल में बंद हैं। उनको इस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। लेकिन जेल में बंद होने की वजह से वे अवॉर्ड ग्रहण नहीं कर सकती थीं। ऐसे में आयोजकों ने उनके जुड़वा बच्चों अली और किआना को पुरस्कार ग्रहण करने के लिए समारोह में आमंत्रित किया। अली और किआना ने ओस्लो सिटी हॉल में नोबेल शांति पुरस्कार स्वीकार किया। उन्होंने जेल में बंद अपनी मां के लिखे संदेश को पढ़ा। साथ ही मां के सम्मान में एक कुर्सी खाली भी छोड़ी।

स्मृति शेष

हास्य कलाकार जूनियर मेहमूद का निधन

बॉलीवुड फिल्मों में बाल कलाकार से हास्य अभिनेता बनने वाले जूनियर मेहमूद का 67 वर्ष की उम्र में कैंसर से निधन हो गया। उन्होंने 205 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उनका असली नाम नईम सैय्यद था। उन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में कटी पतंग, मेरा नाम जोकर, परवरिश, दो और दो पांच सहित कई हिट फिल्मों में अभिनय किया था।

24 साल की मलयालम एक्ट्रेस संजीवन का निधन

मलयालम एक्ट्रेस लक्ष्मीका संजीवन का महज 24 साल की उम्र में निधन हो गया। लक्ष्मीका को यूएई के शरजाह में दिल का दौरा पड़ा था। उन्हें फिल्म 'कक्का' में पंचमी का किरदार निभाने के बाद लोकप्रियता मिली थी। पंचवर्नाथथा, पुझायम्म, उयारे, ओरु कुट्टनाडन ब्लॉग, ओरु यमंदन प्रेमकथा जैसी लोकप्रिय फिल्मों के अलावा उन्होंने टेलीविजन धारावाहिकों में भी काम किया था।

अमेरिका के लोकप्रिय अभिनेता रेयान ओ नील का निधन

मशहूर अमेरिकी अभिनेता रयान ओ नील का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सत्तर के दशक के हॉलीवुड हार्टथ्रोब कहे जाने वाले रयान ने लव स्टोरी, व्हाट्स ऐप, डॉक्टर और पेपर यून में अपने अभिनय का लोहा मनवाया।

वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर जो सोलोमन का निधन

वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर जो सोलोमन का 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे उस रन आउट के लिए प्रसिद्ध थे जिसके कारण 1960 में गाबा का प्रसिद्ध टेस्ट टाई हुआ था। उन्होंने 1958 से 1965 के बीच 27 टेस्ट मैच खेले और 1326 रन बनाए थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र)
लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ईमेल : cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष/फैक्स क्रमांक : 0755-2551403

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 57/सा/01/विविध/2019 (वर्ष 2023) **भोपाल, दिनांक : 14.12.2023**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. भौरा से सातलदेही चौपना मार्ग लं. 13.00 कि.मी. का निर्माण।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
2023_PWDRB_318322_1	बैतूल	प्लान	प्रथम	881.36	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलइन प्रस्तुत किये जाने हैं।
	योग			**881.36**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 01.01.2024 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता

जी-21952/49279/2023 **लोक निर्माण विभाग, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 31/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2023-24 **भोपाल, दिनांक 12.12.2023**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. अशोकनगर जिले में मल्हारगढ़ बीना-मार्ग में बेतवा नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु।
2023_PWDRB_319225_1	अशोकनगर	पुल कार्य	द्वितीय	2293.26	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. खरगोन जिले में कसरावद पीपलगांव मार्ग पर कि.मी. 6/10 से 7/2 में वेदा नदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319226_1	खरगोन	पुल कार्य	चतुर्थ	1581.87	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. दमोह जिले के नरयावली-मंगोला मार्ग में ग्राम सीतानगर के पास सुनार नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य एवं एच.पी. कलवर्ट सहित कार्य।

2023_PWDRB_319227_1	दमोह	पुल कार्य	चतुर्थ	1358.06	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. सागर जिले के रहली विधानसभा अंतर्गत (पैकेज 02 पुल कार्य) 1. सागर जिले के छुल्ला-बेरखेडी कि.मी. 3/10 में कोपरा नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य सहित। 2. सागर जिले के बलेह-सलैया मार्ग के कि.मी. 4/6 में मदैनी नाला पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य सहित।

2023_PWDRB_319228_1	सागर	पुल कार्य	तृतीय	1025.27	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. ग्वालियर जिले के अंतर्गत खुैरी बिजौली गुंधारा गुहीसर मार्ग में वैशली नदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319229_1	ग्वालियर	पुल कार्य	प्रथम	915.58	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. सागर जिले के बडगान-पर्राका मार्ग के कि.मी. 2/2 में देहार नदी (सत्तीघाट) पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य सहित।

2023_PWDRB_319230_1	सागर	पुल कार्य	तृतीय	913.61	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. पन्ना जिले के उमरहट मेंहा मार्ग में केन नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण सुरक्षा कार्य एवं एच.पी. कलवर्ट सहित कार्य।

2023_PWDRB_319231_1	पन्ना	पुल कार्य	चतुर्थ	842.48	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. इंदौर जिले के जामोदी सोलसिंधी अंतरालिया मार्ग में सोलसिधी गांव के समीप क्षिप्रा नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_3192333_1	इंदौर	पुल कार्य	द्वितीय	654.54	केवल ऑनलाइन

क्र. एवं कार्य का नाम :– 9. खण्डवा जिले के अंतर्गत भवानिया से निशानिया मार्ग में घोडापछाड नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319234_1	खण्डवा	पुल कार्य	द्वितीय	583.13	केवल ऑनलाइन

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड छिन्दवाड़ा
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा जारी करने का दिनांक : 18.12.2023

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्यूरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/क्रय करने की दिनांक 18 दिसम्बर 2023 समय 09.00 बजे से प्रारंभ है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :–

कार्य का नाम :– छिंदवाड़ा जिले के विकासखण्ड **बिछुआ 10 ग्राम, सौंसर एवं पांढुर्णा के क्रमशः 14 एवं 02 ग्रामों में** ''जल जीवन मिशन के अंतर्गत'' विद्यमान (स्थापित) नलजल योजनाओं में, विभिन्न प्रकार एवं व्यास के पाइप लाइन बिछाने एवं जोड़ने रेडीमेट मिनी पंप हाउस, 50, 75 एवं 225 कि.ली. जलक्षमता आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी एवं 20 कि.ली. 40 एवं 50 कि.ली. क्षमता आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण, ग्राम सिवनी में 8 मी. व्यास 12 मीटर गहरे 02 नग आर.सी.सी. कुआं निर्माण कार्य बिक्र मेसोनरी वाल्व चेम्बर, बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, एम.एस. फ्रेब्रिकेटेड रूम, पावर पंप स्थापना, विद्युतीकरण तथा रेट्रोफिटिंग कर शत-प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन कार्य के माध्यम शुद्ध पेयजल व्यवस्था समस्त आवश्यक सामग्री सहित सम्पूर्ण कार्य, पूर्ण होने के पश्चात 90 दिन ट्रायल-रन कमिशनिंग कार्य। **(As per BOQ)**

ई-टेण्डर आई.डी. क्र.	निविदा क्रमांक दिनांक	विकास खण्ड	अनु. लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि रुपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि समय	निविदा खोलने की नियत दिनांक	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने समय अवधि
2023-PHED-320232-1	31/23-24 dt. 18.12.2023	बिछुआ	381.38	381380	15000	**28.12.23** 5.30 PM	29.12.23 5.30 PM	म.प्र. लो.नि.वि. की नवीन केन्द्रीकृत पद्धति में पंजीकृत	9 माह वर्षाकाल सहित
2023-PHED-320233-1	32/23-24 dt. 18.12.2023	सौंसर एवं पांढुर्णा	272.36	272360	15000	**28.12.23** 5.30 PM	29.12.23 5.30 PM	म.प्र. लो.नि.वि. की नवीन केन्द्रीकृत पद्धति में पंजीकृत	9 माह वर्षाकाल सहित
2023-PHED-320234-1	33/23-24 dt. 18.12.2023	सौंसर एवं पांढुर्णा	220.89	220900	15000	**28.12.23** 5.30 PM	29.12.23 5.30 PM	म.प्र. लो.नि.वि. की नवीन केन्द्रीकृत पद्धति में पंजीकृत	9 माह वर्षाकाल सहित

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, कैश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किए जा सकते हैं। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री

जी-21958/49280/2023 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड छिंदवाड़ा म.प्र.**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मंदसौर

दूरभाष क्रमांक - 07422-256284, फैक्स - 07422-255215

महू नीमच रोड शासकीय महाविद्यालय के पास मंदसौर

E-mail : eephedmas@mp.nic.in

NIT NO. 11/2023-24

क्रमांक 3372/व.ले.लि./का.यं./2023 **मंदसौर, दिनांक : 14.12.2023**

निम्नलिखित कार्य की निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर प्रदर्शित की गई है। टेंडर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

टेंडर आई.डी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपयों में)	1. अर्नेस्ट मनी (रुपये में) 2. आमंत्रण क्र.	समयावधि (वर्षाकाल सहित)	निविदा क्रय की अंतिम तिथि
2023_PHED_319114_1	Work of Calibration of various Instrument and glassware of the district and sub divisional water testing laboratories for NABL process Dist. Mandsaur का कार्य बी.ओ.क्यू. अनुसार सम्पादित करना।	146150/-	1) 2923.00 2) प्रथम आमंत्रण	15 दिवस	27.12.2023 17.30 तक

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाइन उक्त वेबसाइट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नोट :– निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाइट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-21897/49276/2023 **लोक स्वा.यां. खंड मंदसौर, फोन नं. 07422232190**

क्र. एवं कार्य का नाम :– 10. सागर जिले के गौरझामर केसली टडा सियरमऊ मार्ग के कि.मी. 15/6 में शताब्दी नदी पर पहुंच मार्ग एवं सुरक्षा कार्य सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

2023_PWDRB_319235_1	सागर	पुल कार्य	द्वितीय	564.02	केवल ऑनलाइन
	कुल योग			**10731.82**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 02.01.2024 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता

जी-21822/49275/2023 **लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल**

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर

प्रधान कार्यालय- 73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर - 474011
फोन : 0751-2371603, 4923201 I e-mail : nsbho@nsbgwalior.com; website : www.nsbgwalior.com

विज्ञप्ति क्रमांक/स्थापना/2023-24/45/596 ग्वालियर, दिनांक : 21-12-2023

आवश्यकता है

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर में नीचे दिये पदों की पूर्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन फार्म बैंक कार्यालय प्रधान कार्यालय- 73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर म.प्र. में उपलब्ध है। जो निर्धारित शुल्क रुपये 100/- अदा कर प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन फार्म दिनांक 03 जनवरी 2024 बुधवार, को सायं 4 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय- 73, गोविन्दपुरी, विश्वविद्यालय मार्ग, ग्वालियर में पूर्ण रूप से विधिवत जानकारी भरकर कार्यालयीन समय में जमा हेतु स्वयं द्वारा अथवा डाक से प्रस्तुत किये जा सकते हैं। बैंक द्वारा जारी किये गये आवेदन फॉर्म ही मान्य किये जावेंगे।

सं. क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या	शैक्षणिक योग्यता	वेतनमान एवं अनुमानित मासिक परिलब्धियां
(1)	शाखा प्रबंधक (प्रबंधक II)	02 (दो) सामान्य वर्ग	1- शासन द्वारा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक आवश्यक। 2- किसी बैंक में प्रबंधक पद का दो वर्ष का अनुभव आवश्यक। 3- किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर ज्ञान बाबत् डिप्लोमा आवश्यक।	9300-34800 तथा ग्रेड पे 3600 (7th Pay Level-9) कुल प्रारंभिक परिलब्धियां लगभग रुपये 36200/- प्रतिमाह

नियम व शर्तें :
(1) उपरोक्त पद में बी.कॉम./एम.कॉम./एम.सी.ए./एम.बी.ए./सी.ए./सी.एस./आई.सी.डब्ल्यू.ए. सहकारी प्रशिक्षण में डिप्लोमा को प्राथमिकता दी जावेगी।
(2) उपरोक्त रिक्त पद की भर्ती हेतु आयु दिनांक 01 जनवरी 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में राज्य शासन के नियमों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा में छूट दी जायेगी।
(3) निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर बैंक द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। डाक में विलम्ब के लिए बैंक का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।
(4) शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवाओं में कार्यरत अभ्यर्थी को आवेदन-पत्र के साथ नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना होगी।
(5) म.प्र. नागरिक सहकारी बैंक कर्मचारी सेवा नियमों के अन्तर्गत निर्धारित अन्य नियम व शर्तों की पूर्ति करने वाले अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया पश्चात परीवीक्षा अवधि पर नियुक्ति के लिए पात्र होंगे।
(6) अभ्यर्थियों के चयन एवं नियुक्ति के संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा।

महाप्रबंधक
नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, ग्वालियर

R-49286/2023

APPOINTMENT
SHRI JAIN DIWAKAR MAHAVIDYALAYA, INDORE

Recognised by Higher Education M.P. Affiliated to DAVV, Indore
Add.: Plot No. 665 "A", Sch. No. 55, Vidya Niketan Road, New Palasia, Near Laxmi Memorial Hospital, Indore, Phone : 0731-4063832, E-Mail: sjdmindore@gmail.com

REQUIREMENT

PRINCIPAL & FACULTY (Under Code-28 of DAVV)

Subjects : Mathematics, Microbiology, Horticulture, Bio-technology, Seed Technology, Physics, Botany, Chemistry, Computer Science, LAW, Management, Commerce, Hindi, English, Economics, History, Sociology, Political Science, Social Work, Library & Sports.

Qualification : As per latest Norms AICTE / UGC / BCI / DAVV / RGVP

• Submit hard copy of application along with CV, Credentials and passport size photo at our college office. • Application can also be emailed on our official Email ID address • Apply within seven days.

CHAIRMAN

R-49295/2023

SWAMI VIVEKANANAD COLLAGE OF PROFESSIONAL STUDIES KANKAR SHIVPURI

Affilated to jiwaji university, Gwalior & State Govt. of M.P

:: APPOINTMENTS ::

In Education dept. under collage 28 (17)A, Application are invited for following posts

Designation	No.of post	Education Qualitification
Principal	01	Pg in science/Humanities/Art with 55% Marks, M.Ed/M.A Edu. With 55% Marks/NET/Ph.D.&10 Yrs teaching exp.
Assistant professor (Foundation)	04	Pg in science/Humanities/Art with 55% Marks, M.Ed/M.A Edu. With 55% Marks/NET/Ph.D
Assistant professor (Meethodology)	08	Pg in School Subject with 55% Marks, M.Ed/M.A Edu. With 55% Marks/NET/Ph.D
Assistant professor (Fine Arts/Music & Sports	03	Pg in Fine Art/Music & Sports With 55% Marks/NET/Ph.D
Librarian	01	M.Lib with 55% Marks/NET/Ph.D.

Note:- Salary will be paid under UGC & university norms, Duty completed Application with all testimonials & Recent passport size photographs should reach before 7 days. Mob. No. 9425136522, email id dhirajs147@gmail.com

Address:- Swami vivekananad Collage Of professional studies kankar Satanwada AB road shivpuri M.P

R-49285/2023

M.P. RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal, M.P.-462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 268/MTN/2023 (Flood Damage-SR)

No./20214/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 19.12.2023

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

● **SSR Applicable : SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.**
● **Name of Work : Special Repair of Roads/Culverts (Flood Damage)**

S.No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Damoh	1	1758000.00
2.	Dhar	1	1683000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website **from 21.12.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/112863/2023 CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

R-49287/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Dev. Deptt. Govt. of M.P.)
Block-IInd, 5th Floor, Paryavas Bhavan, Arera Hills, Bhopal-11
No. 20369/22/D-12/ Brg.DPR/2020-21 Bhopal, Dated : 21.12.2023

DPR CONSULTANCY OF BRIDGES (Short Time E-Procurement Notice)

Online Bids are invited from the reputed Consultants for preparation of DPR of Bridge under PMGSY-III as per details given below :

● No. of Packages	-	03
● Nodal PIU	-	Balaghat-1, Mandsaur, Harda
● No. of Bridges	-	13
Total Estimated Construction Cost (in Rs.)	-	**Rs. 386496000.00**

Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from 17:30 hrs on 22.12.2023 .
2. Last date of Submission of bid is date **04.01.2024 upto 15.00 hrs.**

Other details & Conditions may be seen in the detailed NIT and Tender Document for preparation of DPR of Bridges under PMGSY January-2020 amended up to date on our Website **http://mptenders.gov.in.**

M.P. M./112918/2023 CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)

R-49289/2023

MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011,Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
Email : einc-mpbdc@mp.gov.in, ajay.nagaria@mp.gov.in

NIT No.: 3692/GM/MPBDC/CW/23/NIT-47 Bhopal, Dated : 21.12.2023

NOTICE INVINTING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender for the following works in various Districts of Madhya Pradesh :-

1. Construction of CM RISE School at Budhni, Distt.- Sehore-01 Work- **Rs. 2971.39 Lakhs**
2. Construction of Proposed Media Center at Bhopal-01 Work- **Rs. 2284.13 Lakhs**

From bidders registered in M.P. PWD Department under appropriate category. Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased online only from **29.12.2023 at 18:00 hrs. to 23.01.2024 at 15:30 hrs.** from website **www.mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/112913/2023 MANAGING DIRECTOR

R-49288/2023

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02
फ्लैट क्र. 303 एवं 304 थर्ड फ्लोर, साक्षी ग्रीन बिल्डिंग, हरदौल गार्डन के फ्रन्ट पर, सचिन तेन्दुलकर मार्ग, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना-06/2023-24

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र. 2 द्वारा निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 06/2023-24 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_321482_1, है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 29.12.2023 तक** खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

R-49291/2023 म.प्र. माध्यम/112930/2023

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

सूचना

फार्मेसी पाठ्यक्रमों का काउंसलिंग कार्यक्रम सत्र 2023-24

माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा Miscellaneous Application No. 1927/2023 दिनांक 06.09.2023 को दिये गये निर्णय तथा Pharmacy Council of India के पत्र क्रमांक Ref. No. 14-56/2023-PCI (Approval Process for 2023-24 a.s.) (E)/3560-64 Dated 04-October 2023 के परिपालन में **बी/डी फार्मेसी, एम.फार्मेसी एवं फार्म-डी पाठ्यक्रमों** में संस्था स्तर की काउंसलिंग के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रवेश तिथि को निम्नानुसार है।

- ऑनलाइन पंजीयन दिनांक 26.12.2023 से दिनांक 30.12.2023 तक रात्रि 11:30 तक।
- ऑनलाइन प्रवेश दिनांक 28.12.2023 से दिनांक 30.12.2023 तक रात्रि 11:45 तक।
- प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में प्रवेश दिनांक प्रात: 10:30 से उपस्थित होकर प्रवेश का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।
- प्रवेश निरस्तीकरण दिनांक 30.12.2023 को सायं 3:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा।
- काउंसलिंग की विस्तृत जानकारी अधिकृत वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर देखें।

म.प्र. माध्यम/112925/2023 R-49290/2023 संयुक्त संचालक

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर- 482002 (म.प्र.)
E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 23/2023-24 निर्माण कार्य स्टोर रूम एस.डी.ई.आर.एफ. होमगार्ड दरीखाना, जिला जबलपुर (ऑनलाइन निविदा क्रं. 2023_MPPHC_321606) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.01.2024 तक खरीदकर सायं 6:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त बेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/112938/2023 R-49292/2023 परियोजना यंत्री

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर- 482002 (म.प्र.)
E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

25/2023-24 **थाना बजाग में कसैंटीना वायर फैंसिंग का कार्य जिला-डिण्डौरी** की (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC_321608) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 08.01.2024 तक खरीद कर सायं 18.00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त बेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/112940/2023 R-49294/2023 परियोजना यंत्री

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर- 482002 (म.प्र.)
E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 24/2023-24 थाना करंजिया में अस्थाई प्रोफाइल सीट युक्त 20 सीटर बैरिक बिल्डिंग निर्माण कार्य जिला-डिण्डौरी, ऑनलाइन निविदा क्रं. (2023_MPPHC_321607) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.01.2024 तक खरीदकर सायं 06:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त बेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/112939/2023 R-49293/2023 परियोजना यंत्री

उत्तरप्रदेश पुलिस

पद - सिविल पुलिस व कांस्टेबल
पद संख्या - 546
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तिथि - 1 जनवरी 2024
वेबसाइट - http://uppbpb.gov.in

वेस्ट सेंट्रल रेलवे

पद - अप्रेंटिस
पद संख्या - 3015
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तिथि - 14 जनवरी 2024
वेबसाइट - http://wcr.indianrailways.gov.in

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

पद - अप्रेंटिस
पद संख्या - 1820
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तिथि - 5 जनवरी 2024
वेबसाइट - https://iocl.com

ओडिशा स्टाफ सलेक्शन कमीशन

पद - जूनियर माइनिंग ऑफिसर व अन्य
पद संख्या - 430
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तिथि - 19 जनवरी 2024
वेबसाइट - www.ossc.gov.in

स्टील आथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड

पद - मैनेजमेंट ट्रेनी
पद संख्या - 92
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तिथि - 31 दिसंबर 2023
वेबसाइट - https://sailcareers.com

भारतीय जल सेना

पद - चार्जमैन व अन्य
पद संख्या - 910
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तिथि - 31 दिसंबर 2023
वेबसाइट - www.joinindiannavay.gov.in

नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन

पद - माइनिंग ओवरमैन व अन्य
पद संख्या - 144
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तारीख - 31 दिसंबर 2023
वेबसाइट - careers.ntpc.co.in/recruitment

आरआरसी उत्तर रेलवे

पद - अप्रेंटिस
पद संख्या - 3093
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तारीख - 11 जनवरी 2024
वेबसाइट - www.rrcnr.org

आंध्रप्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन ग्रुप-2

आंध्रप्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन ने विभिन्न विभागों में ग्रुप 2 के लिये अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये हैं। अभ्यर्थियों का चयन लिखित एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद किया जाएगा।
पद - 897
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तारीख - 1 जनवरी 2024
वेबसाइट - https://psc.ap.gov.in

उत्तरप्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन

उप्र सरकार ने पब्लिक सर्विस कमीशन के माध्यम से विभिन्न पदों पर चयन प्रक्रिया आरंभ की है। अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाना है।
पद - 283
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तिथि - 8 जनवरी 2024
वेबसाइट - www.upsssc.gov.in

कंबाइंड डिफेंस सर्विस

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा कंबाइड डिफेंस सर्विस ने आईएमए, आईएनए और एएफए पदों के लिये अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये हैं।
पद - 457
आवेदन - ऑनलाइन
अंतिम तिथि - 9 जनवरी 2024
वेबसाइट - www.upsc.gov.in

स्कॉलरशिप

प्रगति छात्रवृत्ति योजना

किनके लिये - तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाली 5 हजार लड़कियों को दी जाएगी।
योग्यता - एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रथम वर्ष में अध्ययनरत्
क्या मिलेगा - चयनित छात्राओं को डिग्री प्रोग्राम पूरा होने तक 50 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी।
अंतिम तिथि - 31 दिसंबर 2023
वेबसाइट - https://tinyurl.com/pragati-aicte

प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना

किनके लिये - केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, असम राइफल्स के शहीद जवानों पर आश्रित बच्चों और उनकी पत्नियों के लिये।
योग्यता - इंजीनियरिंग, मेडिसिन, डेंटल, वेटरनरी, बीबीए, बीसीए, बी.फॉर्मा जैसे प्रोफेशनल कोर्स में अध्ययनरत्।
क्या मिलेगा - चयनित छात्राओं को 36 हजार रुपये वार्षिक और छात्र को 30 हजार रुपये तक छात्रवृत्ति दी जाएगी।
अंतिम तिथि - 31 दिसंबर 2023
वेबसाइट - https://scholarships.gov.in

एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लि. स्कॉलरशिप

किनके लिये - यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम एचजी इन्फ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड की तरफ से पेश की जा रही है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य उन मेधावी छात्रों की मदद करना है जो आर्थिक चुनौतियों की वजह से गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई करने से वंचित रह जाते हैं। बीई-बीटेक की पढ़ाई कर रहे उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।
अंतिम तिथि - 15 जनवरी 2024
क्या मिलेगा - चयनित उम्मीदवारों को 50 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।
वेबसाइट - https://tinyurl.com/46xcs7sp

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

राष्ट्रीय सुशासन दिवस - 25 दिसम्बर

अटल जी के सुशासन बोध को मान्यता देता है - 'सुशासन दिवस'

सुशासन दिवस भारत में प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसम्बर को मनाया जाता है। वस्तुत: अटलजी के सुशासन बोध को मान्यता देने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। सरकार में जवाबदेही की अवधारणा को विकसित कर, भारत में सुशासन के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देकर पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी को सम्मानित करने के लिए वर्ष 2014 में सुशासन दिवस की स्थापना की गई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा 23 दिसम्बर, 2014 को पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी वाजपेयी और पण्डित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से विभूषित करने की घोषणा की गई थी। इस घोषणा के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाये जाने की घोषणा की थी। शासन शब्द का उपयोग विभिन्न संदर्भ में किया जा सकता है, जैसे कि कॉरपोरेट प्रशासन, अंतर्राष्ट्रीय प्रशासन, राष्ट्रीय प्रशासन और स्थानीय शासन। सुशासन को 'विकास के लिये देश के आर्थिक एवं सामाजिक संसाधनों के प्रबंधन में शक्ति का प्रयोग करने के तरीके' के रूप में परिभाषित किया गया है। सुशासन की अवधारणा चाणक्य के युग में भी मौजूद थी। उन्होंने अपने विख्यात ग्रंथ 'अर्थशास्त्र' में इसका विस्तार से उल्लेख भी किया है।

सुशासन के तात्पर्य को स्पष्ट करने वाले तत्व

सुशासन से तात्पर्य किसी सामाजिक-राजनीतिक इकाई (जैसे नगर निगम, राज्य सरकार आदि) को इस प्रकार चलाना है कि वह वांछित परिणाम दे। सुशासन के अन्तर्गत बहुत सी चीजें आती हैं, जिनमें अच्छा बजट, सही प्रबन्धन, कानून का शासन, सदाचार इत्यादि। इसके विपरीत पारदर्शिता की कमी या सम्पूर्ण अभाव, जंगल राज, लोगों की कम भागीदारी, भ्रष्टाचार का बोलबाला आदि कुशासन के लक्षण हैं। 'शासन' शब्द में 'सु' उपसर्ग लग जाने से। 'सुशासन' शब्द का जन्म होता है। 'सु' उपसर्ग का अर्थ शुभ, अच्छा, मंगलकारी आदि भावों को व्यक्त करने वाला होता है। राजनीतिक और सामाजिक जीवन की भाषा में सुशासन की तरह लगने वाले कुछ और बहुप्रचलित शब्द हैं जैसे - प्रशासन, स्वशासन, अनुशासन आदि। इन सभी शब्दों का संबंध शासन से है। 'शासन' आदिम युग की कबीलाई संस्कृति से लेकर आज तक की आधुनिक मानव सभ्यता के विकासक्रम में अलग-अलग विशिष्ट रूपों में प्रणाली के तौर पर विकसित और स्थापित होता आया है। इस विकास क्रम में परंपराओं से अर्जित ज्ञान और लोक कल्याण की भावनाओं की अवधारणा प्रबल प्रेरक की भूमिका में रही है। इस अर्थ में शासन की सभी प्रणालियां कृत्रिम हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि सुशासन व्यक्ति को भ्रष्टाचार एवं लालफीताशाही से मुक्त कर प्रशासन को स्मार्ट बनाता है।

सुशासन की अष्टाध्यायी मीमान्सा सुशासन का स्वरूप दर्शाती है

सुशासन एक सैद्धांतिक अवधारणा है जिसे एक सत्ताकेन्द्र व्यवहार में लागू करके जनता तक सुशासन के हितलाभ के अन्तर्गत सुनिश्चित करता है। सुशासन आठ सिद्धान्तों पर आधारित है, सुशासन की यही अष्टाध्यायी मीमान्सा सुशासन के स्वरूप को दर्शाती है। सुशासन का पहला सिद्धान्त 'भागीदारी' है। भागीदारी से तात्पर्य लोगों को वैध संगठनों या प्रतिनिधियों के माध्यम से अपनी राय देने में सक्षम बनाना है। जिसमें पुरुष एवं महिलाएं, समाज के कमजोर वर्ग, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग इत्यादि भी शामिल हों। भागीदारी का तात्पर्य संघ का गठन एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से भी है। सुशासन का दूसरा सिद्धान्त है- 'कानून का शासन'। एक कानूनी ढांचे को निष्पक्ष रूप से लागू किया जाना सुशासन की अहम् पहचान है।

'सहमति उन्मुखता' सुशासन का तीसरा प्रमुख सिद्धान्त है। सुशासन सदैव सहमति उन्मुख, अपितु सर्वसम्मति उन्मुख होता है। सर्वसम्मति से निर्णय लेने से यह सुनिश्चित होता है कि प्रत्येक व्यक्ति भले ही, जो वह चाहता है उसे प्राप्त न कर पाए परंतु सभी को सामान्य न्यूनतम संसाधन उपलब्ध कराए जा सकते हैं, जो किसी अन्य के लिये हानिकारक भी नहीं होते हैं। यह सिद्धान्त एक समुदाय के सर्वोत्तम हितों पर व्यापक आम सहमति को पूरा करने के लिये अलग-अलग हितों की मध्यस्थता भी करता है। जन भागीदारी और समावेशिता, सुशासन का चौथा महत्वपूर्ण सिद्धान्त है। वस्तुत: सुशासन एक समतामूलक समाज को बढ़ावा देता है और यह प्रबन्ध करता है कि लोगों को अपना जीवन-स्तर सुधारने या उसको बनाए रखने के समुचित अवसर प्राप्त हों।

सुशासन के सिद्धान्तों का मूल जनसाधारण की बेहतरी है

सुशासन के हितलाभ जनसाधारण तक बिना किसी व्यवधान के पहुंचें इसे सुनिश्चित करने के लिये सुशासन के जो सिद्धान्त बनाये गये हैं उनके मूल में जनसाधारण की बेहतरी ही प्रमुख है। बेहतरी के इस लक्ष्य के लिये सुशासन को जिन कसौटियों पर कसा जाता है उनमें शासन की दक्षता, शासन द्वारा जनता की भलाई के लिये बनाई गई योजनाओं की प्रभावशीलता और पारदर्शिता प्रमुख है। प्रभावशीलता और दक्षता भी सुशासन के आठ प्रमुख सिद्धान्त में से एक है। सुशासन का पांचवा सिद्धान्त यह दर्शाता है कि शासन की प्रक्रियाओं और शासकीय संस्थानों को ऐसे परिणाम देने में सक्षम होना चाहिये जो जन समुदाय की आवश्यकताओं को सम्पूर्ण प्रभावशीलता के साथ पूरा कर सकें। अधिकतम उत्पादन के लिये समुदाय के संसाधनों के प्रभावी ढंग से उपयोग की दक्षता बढ़ाने का कार्य भी सुशासन का एक लक्ष्य होता है। सुशासन का छठा सिद्धान्त लोगों की बेहतरी है जो सरकार द्वारा लोगों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित किये बिना और उनके प्रति उत्तरदायी हुए बिना सम्भव नहीं है। सरकारी संस्थानों, निजी क्षेत्रों और नागरिक और सामाजिक संगठनों द्वारा सार्वजनिक एवं संस्थागत हितधारकों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने से ही जन साधारण की बेहतरी सम्भव है। सुशासन का सातवां सिद्धान्त यह है कोई भी शासन, तब तक सुशासन की श्रेणी में नहीं आता है जब तक उसमें 'पारदर्शिता' न हो। पारदर्शिता के लिये यह जरूरी है सूचनाओं की प्राप्ति आम जनता के लिये सुलभ हो। इतना ही नहीं यह सूचनाएं उनके समझने और निगरानी के योग्य भी हों। पारदर्शिता का अर्थ मीडिया की स्वतंत्रता भी है, ताकि मीडिया तक सूचनाओं की समग्र पहुंच सम्भव हो। सुशासन के लिये शासन की जनसाधारण के प्रति जवाबदेही सबसे जरूरी होती है। इसी से सरकारी संस्थानों और सरकारी कार्य व्यवहार और प्रक्रियाओं में उचित समयावधि में सभी हितधारकों को लाभ मिले इसकी जवाबदेही सुशासन का आठवां सिद्धान्त है।

सुशासन की लब्धता का मार्ग किसी बाधा दौड़ से कम नहीं है

भारत में सुशासन के मार्ग में आने वाली बाधाओं पर भी राष्ट्रीय सुशासन दिवस पर गंभीर मंथन होता है। एक अध्ययन के अनुसार देश में महिलाओं का सशक्त न होना भी सुशासन की राह की एक प्रमुख बाधा है। सरकारी संस्थानों और अन्य संबद्ध क्षेत्रों में महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है, जिससे सुशासन की स्थापना में इस वर्ग को आनुपातिक लाभ नहीं मिल पाता है। इसी प्रकार भारत में उच्च स्तर के भ्रष्टाचार को भी शासन की गुणवत्ता के सुधार के मार्ग में एक बड़ी बाधा के रूप में माना जाता है। सुशासन की राह में एक और बड़ी बाधा न्याय मिलने में देरी भी है। एक नागरिक को समय पर न्याय पाने का अधिकार है, लेकिन कई कारक हैं, जिसके कारण एक सामान्य व्यक्ति को समय पर न्याय नहीं मिलता है। इसका एक कारण न्यायालयों में कर्मियों और संबंधित सामग्री की कमी है। यह सुशासन की लब्धता की राह का एक बड़ा व्यवधान है। सुशासन के लिये यह भी सबसे जरूरी है कि निचले स्तर की सरकारें भी कुशलता से कार्य करें और यह तभी सम्भव है जब वे ऐसा करने के लिये सशक्त हों। यह विशेष रूप से पंचायती राज संस्थानों के लिये प्रासंगिक हैं, जो वर्तमान में निधियों की अपर्याप्तता के साथ-साथ संवैधानिक रूप से सौंपे गए कार्यों को पूरा करने में भी कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। इससे सुशासन का लक्ष्य पाना भी कठिन हो जाता है। सुशासन के राह की एक बड़ी बाधा राजनीतिक प्रक्रिया का अपराधीकरण और राजनेताओं, सिविल सेवकों तथा व्यावसायिक घरानों के बीच सांठगांठ भी है। इस वृत्ति से सार्वजनिक नीति निर्माण और सुशासन पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

चुनौतियों से निपटने के लिये सुशासन की हुई प्रभावी पहल

सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने की राह में पर्यावरण सुरक्षा, सतत विकास और वैश्वीकरण, उदारीकरण और बाजार अर्थव्यवस्था की चुनौतियां भी हैं जिनका समाधान सुशासन के लिए खोजना होता है। सुशासन में सुधार के लिये प्रमुख भारतीय पहल में गुड गवर्नेंस इंडेक्स (सुशासन सूचकांक) के विचार का कार्यान्वयन प्रमुख है। देश में सुशासन की स्थिति निर्धारित करने के लिये कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा सुशासन सूचकांक शुरू किया गया है। यह राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के प्रभाव का आकलन भी करता है। इसी दिशा में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना भी बनाई गई है। इसका उद्देश्य आम आदमी की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिये 'सामान्य सेवा वितरण आउटलेट्स' के माध्यम से सस्ती कीमत पर सभी सरकारी सेवाओं को स्थानीय स्तर पर सुलभ करवाना और ऐसी सेवाओं की दक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। सुशासन के लिये ही सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को भी लागू किया गया था। यह शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रभावी पहल थी।

- राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

आजीविका मिशन से महिलाओं का आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण

राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत सामुदायिक संस्थानों के ज़रिये गरीब लोगों को आजीविका के विभिन्न स्रोतों को उपलब्ध करना और गरीब लोगों की गरीबी दूर करना सरकार की प्राथमिकता है। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय आजीविका मिशन (डीएवाई-एनएलएम), भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी गरीबों के सतत विकास हेतु सामुदायिक संस्थानों की स्थापना करना तथा इसके माध्यम से ग्रामीण व शहरी गरीबी समाप्त करने के लिए आजीविका के विविध स्रोतों को प्रोत्साहन देना है। केन्द्र द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम को गांवों में ग्रामीण विकास मंत्रालय और शहरों में शहरी विकास मंत्रालय द्वारा राज्यों के सहयोग से लागू किया गया है।

आजीविका मिशन के बारे में

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जून 2011 में शुरू किया गया था। जिसे बाद में शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तौर पर शहरी विकास मंत्रालय द्वारा लागू किया गया। वहीं, नवंबर 2015 में, इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का नाम बदलकर 'दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' (डीएवाई-एनआरएलएम) और दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनटीएलएम) कर दिया गया। इस योजना की शुरुआत भारत सरकार द्वारा देश के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के गरीबों को कई प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए की गयी है। जिसके अंतर्गत गरीबों के कौशल विकास और उनकी आजीविका के अवसरों में वृद्धि कर गरीब लोगों को रोज़गार के अवसर प्रदान कर उनकी गरीबी को दूर किया जायेगा। यह योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का एकीकरण है।

योजना के दो भाग

राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना को दो भागों में बांटा गया है- पहला, ग्रामीण भारत के लिए; तथा दूसरा, शहरी भारत के लिए। दीनदयाल अंत्योदय योजना के रूप में नामित शहरी घटक को आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय (एचयूपीए) द्वारा कार्यान्वयन किया जाएगा और दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में ग्रामीण घटक का कार्यान्वयन ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत दीनदयाल शहरी आजीविका योजना उपक्रम के तहत शहरी क्षेत्रों में प्रशिक्षण केंद्र, एसएचजी संवर्धन और बेघर लोगों को स्थायी आश्रय दिया जा रहा है। बेघरों के लिए घरों का निर्माण तथा निजी व सामूहिक सूक्ष्म निर्माण के लिए, सड़क पर सामान बेचने वालों, कचरा बीनने वालों आदि शहरों में रहने वाले निर्धनों के लिए रोज़गार के अवसर तथा उनकी आय बढ़ाने के उपाय केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे हैं। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी क्षेत्रों के लिए दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना के अंतर्गत सभी 4041 शहरों और कस्बों को शामिल कर लगभग पूरी शहरी आबादी को कवर किया जा रहा है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक संस्थानों के ज़रिये गरीब लोगों को आजीविका के विभिन्न स्रोतों को उपलब्ध करना और ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब लोगों की गरीबी दूर करना सरकार की प्राथमिकता है। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के 10 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम को राज्यों के सहयोग से लागू किया गया है। इस मिशन को 2011 में लाँच किया गया था। यह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 29 राज्यों और 5 केन्द्र शासित प्रदेशों के 586 जिलों के अंतर्गत 4,459 प्रखंडों में लागू किया गया है। डीएवाई-एनआरएलएम कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिला किसानों के लिये कृषि और गैर-कृषि आधारित आजीविका को बढ़ावा देने के लिये समर्पित घटक सहित महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है।

उद्देश्य

मिशन का उद्देश्य ग्रामीण निर्धन परिवारों की महिलाओं को स्व-सहायता समूह के रूप में संगठित कर उन्हें सशक्त बनाने हेतु प्रशिक्षित करना एवं समूह सदस्यों के परिवारों को उपयोगी स्व-रोज़गार एवं कौशल आधारित आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि मजबूत बुनियादी संस्थाओं के माध्यम से गरीबों की आजीविका को स्थायी आधार पर बेहतर बनाया जा सके।

रणनीति

- ग्रामीण निर्धन परिवारों के लिये आजीविका के विकल्पों में वृद्धि करना।
- बाहरी क्षेत्र में मांग अनुसार कौशल विकास करना।
- स्व-रोज़गार तथा उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना।

हितग्राही चयन प्रक्रिया

- समूहों से जोड़ने के लिये हितग्राही परिवारों की पहचान सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण सूचकांक सूची (SECC) के आधार पर की जा रही है।
- सभी ग्रामीण निर्धन परिवारों की एक महिला सदस्य को समयबद्ध रूप से स्व-सहायता समूह में सम्मिलित किया जा रहा है।
- स्व-सहायता समूहों का गठन एवं सशक्तिकरण किया जा रहा है।
- चक्रीय निधि (रिवाल्विंग फंड), सामुदायिक निवेश निधि, आपदा कोष एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से गरीब परिवारों की छोटी, बड़ी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है।
- शासन की अन्य योजनाओं से समूहों का समन्वय कर पात्रतानुसार लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है।
- स्व-सहायता समूहों के गठन पश्चात् ग्राम संगठनों का गठन किया जा रहा है।
- समूह सदस्यों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, परिसंपत्तियों की बीमा सुविधा प्रदाय करने में सहयोग किया जा रहा है।
- ग्रामीण युवाओं को रोज़गार और स्व-रोज़गार हेतु कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर रुचि अनुसार रोज़गार



के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

स्व-सहायता समूह (एसएचजी)

गांव की 10 से 20 महिलाओं का समूह जो समान सोच रखते हों एवं गरीबी से बाहर आने हेतु संगठित होकर प्रयास करना चाहते हों। समूह की महिलाओं की विचारधारा, आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में समानता स्व-सहायता समूह का प्रमुख आधार है।

समूह के 13 सूत्र

1. नियमित साप्ताहिक बैठक।
2. नियमित साप्ताहिक बचत।
3. नियमित लेनदेन।
4. नियमित ऋण वापसी।
5. नियमित साप्ताहिक दस्तावेजीकरण।
6. बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण का नियमित पालन।
7. समयानुसार अनिवार्य शिक्षा का पालन।
8. त्रि-स्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं के साथ सक्रिय भागीदारी।
9. पात्रता तक पहुंच।
10. संवहनीय आजीविका।
11. नकद रहित व्यवहार।
12. पर्यावरण संरक्षण।
13. संस्कार, संस्कृति एवं सभ्यता का संरक्षण।

दीनदयाल अंत्योदय योजना के लाभ

देश के नागरिक को स्वतंत्र एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना का आगाज लगभग एक दशक पूर्व किया गया था, जो शहरी व ग्रामीण गरीबी को दूर करने में कारगर साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से लाभार्थियों को रोज़गार प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, स्ट्रीट वेंडर को वित्तीय सहायता एवं बेघर लोगों को स्थाई आवास भी प्रदान किया जाता है। यह योजना अर्बन पॉवर्टी को घटाने में बहुत लाभकारी साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से शहरी गरीबों को स्व-रोज़गार के अवसर स्व-सहायता समूहों के माध्यम से प्रदान किये जा रहे हैं। इस योजना के कार्यान्वयन के लिए मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट एंड अर्बन अफेयर्स द्वारा गाइडलाइन भी जारी की जाती है। इस योजना के माध्यम से उन स्व-सहायता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जो माइक्रो एंटरप्रेन्योर एक्टिविटीज में शामिल हैं, ताकि उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। यह योजना स्व-सहायता समूह के सदस्यों और उनके परिवारों के जीवन स्तर में भी सुधार लाने में कारगर साबित हो रही है।

योजना की पात्रता के लिए आवश्यक दस्तावेज

इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक को भारत का निवासी होना चाहिए। आवेदक गरीबी रेखा में शामिल हो। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के ही गरीब लोग इस योजना के अंतर्गत शामिल हो सकते हैं। आधार कार्ड, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, वोटर आईडी कार्ड, मोबाइल नंबर व पासपोर्ट साइज फोटो आदि में से कोई दो होना चाहिए।

गरीबों की सहभागी पहचान

सतत संसाधनों के रूप में सामुदायिक निधि : इसका उद्देश्य गरीबों की वित्तीय प्रबंधन क्षमता को मजबूत करना है

वित्तीय समावेशन

आजीविका- मिशन अपने तीन स्तंभों के माध्यम से गरीबों की मौजूदा आजीविका संरचनाओं को बढ़ावा देने और स्थिर करने पर केंद्रित है।

भेद्यता में कमी और आजीविका में वृद्धि - मौजूदा आजीविका का विस्तार करने, कृषि और गैर-कृषि दोनों क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसरों से गरीबी का अंतर कम किया जा सकता है।

रोज़गार- कौशल निर्माण उद्यम-स्वरोज़गार को बढ़ावा देना

इस योजना की एक और महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें ग्रामीण विकास मंत्रालय की अन्य शासकीय योजनाओं के साथ अभिसरण किया जा सकता है।

एनआरएलएम के अंतर्गत उप-योजना

आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना

यह योजना 2017 में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य मूल योजना के तहत एसएचजी के सदस्यों को पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाकर आजीविका के वैकल्पिक स्रोत प्रदान करना है। यह योजना क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास के लिए दूरदराज के गांवों को प्रमुख सुविधाओं और सेवाओं (स्वास्थ्य, बाजार और शिक्षा तक पहुंच) से जोड़ने के लिए सस्ती, सुरक्षित और समुदाय-निगरानी वाली ग्रामीण परिवहन सेवाएं प्रदान करती है।

महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना

इस उप-योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि में महिलाओं की भागीदारी और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए व्यवस्थित निवेश करके उन्हें सशक्त बनाना है। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं से संबंधित कृषि-आधारित आजीविका निर्मित करने और बनाए रखने का भी प्रयास करता है। अन्य उद्देश्य घरों में भोजन और पोषण सुनिश्चित करना, महिलाओं के लिए सेवाओं और इनपुट तक बेहतर पहुंच सक्षम करना, महिलाओं की प्रबंधकीय क्षमताओं में सुधार करना आदि हैं।

स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम

इस उप-योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। यह योजना ग्रामीण स्टार्टअप से संबंधित प्रमुख बाधाओं को दूर करेगी।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका परियोजना

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका परियोजना को अवधारणा का प्रमाण बनाने और केंद्रीय और राज्य स्तरों पर क्षमता निर्माण करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, ताकि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से एक सुविधाजनक वातावरण बनाया जा सके। यूपीएससी सीएसई परीक्षा के दृष्टिकोण से ग्रामीण आजीविका एक महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए, ग्रामीण आजीविका के विभिन्न पहलुओं को शामिल करना महत्वपूर्ण है।

मध्यप्रदेश में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा वर्ष 2012 से ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं के सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण के लिये स्व-सहायता समूह बनाकर उनके संस्थागत विकास तथा आजीविका के संवहनीय अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। मिशन द्वारा प्रदेश में अब-तक समस्त जिलों में लगभग पाँच लाख स्व-सहायता समूह बनाये गये हैं जिसमें 61 लाख से अधिक परिवारों को जोड़ा जा चुका है। मिशन का उद्देश्य ग्रामीण निर्धन परिवारों की महिलाओं को स्व-सहायता समूह के रूप में संगठित कर उन्हें सशक्त बनाने हेतु प्रशिक्षित कर सहयोगात्मक मार्गदर्शन करना एवं समूह सदस्यों के परिवारों को रुचि अनुसार उपयोगी स्व-रोज़गार एवं कौशल आधारित आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि मजबूत बुनियादी संस्थाओं के माध्यम से गरीबों की आजीविका को स्थायी आधार पर बेहतर बनाया जा सके।

बैंक लिंकेज के रूप में वित्तीय सहयोग

ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत निर्धन परिवारों के समूहों को मिशन द्वारा चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश निधि आपदा कोष तथा बैंक लिंकेज के रूप में वित्तीय सहयोग किया जा रहा है। इस राशि से उनकी छोटी बड़ी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाती है, जिससे वह साहूकारों के कर्जजाल से बच जाते हैं। मिशन द्वारा दिये जा रहे लगातार प्रशिक्षण, वित्तीय साक्षरता, वित्तीय सहयोग एवं सहयोगात्मक मार्गदर्शन से लाखों परिवारों की निर्धनता दूर हो गई है। प्रशिक्षणों का ही परिणाम है कि समूह सदस्यों के अन्दर गरीबी से उबरने की दृढ़ इच्छा शक्ति उत्पन्न हुई। परिणाम स्वरूप वह आगे बढ़कर पात्रता अनुसार अपने हक, अधिकार को न केवल समझने लगे हैं बल्कि प्राप्त करने लगे हैं। मिशन के प्रयासों से ग्रामीण निर्धन परिवारों के जीवन में अनेक सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं। इनमें सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण प्रमुख रूप से देखा जा सकता है।

- हितेश शर्मा

(लेखक - समसामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

जर्मनी ने सातवीं बार जीता एफआईएच जूनियर विश्वकप

क्वालालंपुर, जूनियर हॉकी में एक बार फिर जर्मनी का दबदबा देखने को मिला। जर्मनी की जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने फ्रांस को 2-1 से हराकर एफआईएच जूनियर हॉकी विश्वकप जीत लिया है। जर्मनी ने सबसे ज्यादा सातवीं बार इस खिताब पर कब्जा किया है। सेमीफाइनल में भारत को हराने वाली जर्मन टीम को फाइनल में फ्रांस से कड़ी टक्कर मिली। फाइनल मैच में दोनों टीमों ने शुरुआत में डिफेंसिव खेल दिखाया। मैच में पहला गोल फ्रांस ने किया। फ्रांस के लिए जुलियस वेरियर ने मैच के 17वें मिनट में गोल किया। मैच में पिछड़ने के बाद जर्मनी ने पलटवार किया। मैच के तीसरे क्वार्टर में जेन कॉर्डेस ने 32वें और लियाम होल्डरमैन ने 40वें मिनट में गोल किया।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा

प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को मिलेगा अर्जुन पुरस्कार

नई दिल्ली, वर्ष 2023 का अंतिम दौर मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के लिये खुशियों की सौगात लाया है। पहली बार मध्यप्रदेश के तीन खिलाड़ियों और एक प्रशिक्षक को राष्ट्रीय खेल सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के ओलिंपिक खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पैरा केनोइंग की प्राची यादव और मध्यप्रदेश महिला हॉकी अकादमी की पूर्व खिलाड़ी और वर्तमान में हॉकी इंडिया की स्टार प्लेयर सुशीला चानू को राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट खेल पुरस्कार अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। भारतीय हॉकी टीम के कोच शिवेन्द्र सिंह को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर - मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के स्टार शूटर ऐश्वर्य इस वर्ष सम्पन्न हुए एशियन गेम्स में सबसे सफल भारतीय एथलीट थे। उन्होंने एशियन गेम्स में दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। साथ ही ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया और 50 मीटर रायफल थ्री पॉजिशन पुरुष एकल इवेन्ट में रजत पदक जीता।

प्राची यादव - मध्यप्रदेश की पैरा केनोइंग खिलाड़ी प्राची यादव ने पेरिस पैरालंपिक के लिये क्वालिफाई कर लिया है। उन्होंने हाल ही में आईसीएफ स्प्रिंट एण्ड पेरा केनो वर्ल्ड चैम्पियनशीप, जर्मनी में चौथा स्थान प्राप्त कर पेरिस ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई किया।

सुशीला चानू- मध्यप्रदेश महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर की पहले बैच की उत्कृष्ट खिलाड़ी सुशीला ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। जर्मनी में हुए वूमन्स हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने सुशीला की कप्तानी में कांस्य पदक हासिल किया था। 2014 एशियन गेम्स में उन्होंने भारतीय टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 2016 रियो ओलिंपिक में सुशीला भारतीय टीम की कप्तान थीं।

शिवेन्द्र सिंह- मध्यप्रदेश के शिवेन्द्र सिंह वर्तमान में भारतीय हॉकी टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल हैं। शिवेन्द्र सिंह भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने भारत के लिए लगभग 160 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं और लगभग 80 गोल किये हैं। शिवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में भारतीय पुरुष हॉकी टीम का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है।

सात्विक और चिराग को मिला खेल रत्न पुरस्कार

नई दिल्ली, भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक साईराज रैंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को भारत के सबसे बड़े खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने पिछले कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है। इस जोड़ी ने इस वर्ष एशियाई खेलों में बैडमिंटन पुरुष युगल वर्ग में सवर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। इसके अलावा सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इस साल 3 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब भी जीते हैं, इनमें इंडोनेशिया ओपन, कोरिया ओपन और स्विस ओपन शामिल हैं।

क्रिकेटर मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार

नई दिल्ली, खेल मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट टीम ने गेंदबाज मोहम्मद शमी को वर्ष 2023 में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से नवाजा है। शमी ने इस साल आईसीसी वन-डे विश्वकप में लाजबाव गेंदबाजी करते हुए 24 विकेट लिए और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। इस वर्ष शमी सहित 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुस्कार के लिए चुना गया है।

मिचेल स्टार्क बने आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी

दुबई, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। आईपीएल के 17वें सत्र के लिए दुबई में मिनी ऑक्शन किया गया जिसमें 10 टीमों ने 72 खिलाड़ियों पर दाव लगाया। मिशेल स्टार्क को कोलकाता नाइटराइडर्स ने 24.75 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। ये आईपीएल के इतिहास में किसी खिलाड़ी को मिलने वाली सबसे बड़ी राशि है।



मिचेल स्टार्क के टीम साथी पैट कमिंस पर भी धनवर्षा हुई। सनराइजर्स हैदराबाद ने कमिंस पर 20.50 करोड़ रुपये का दाव लगाया। हैदराबाद ने ट्रेविस हेड (6.80 करोड़) को भी अपने दल में शामिल किया। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (14 करोड़) को चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा वहीं अल्जारी जोसेफ (11.50 करोड़) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा बने।

मिनी ऑक्शन में हर्षल पटेल सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी रहे। हर्षल को पंजाब किंग्स ने 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा। इसके अलावा उमेश यादव, शिवम मावी और शार्दुल ठाकुर को भी ऑक्शन में बड़ी राशि मिली।

अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों पर भी लगा दाव

मिनी ऑक्शन में सभी टीमों ने भारत के युवा और अनकैप्ड खिलाड़ियों पर भी दाव लगाया। ऑक्शन के दौरान समीर रिजवी, शाहरूख खान और कुमार कुशाग्र जैसे युवा खिलाड़ियों को लेकर टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। ऑक्शन में समीर रिजवी सबसे महंगे अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी बने। समीर को चेन्नई सुपर किंग्स ने 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा, जबकि शाहरूख खान को 7.40 करोड़ रुपये में गुजरात टाइटंस ने खरीदा।

बांग्लादेश ने जीता एसीसी अंडर-19 एशिया कप

दुबई, बांग्लादेश की युवा क्रिकेट टीम ने पहली बार एसीसी अंडर-19 एशिया कप टूर्नामेंट जीता है। बांग्लादेश ने टूर्नामेंट के फाइनल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 195 रनों से हराया। बांग्लादेश ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 282 रन बनाये। बांग्लादेश के लिए अशीकुर रहमान शिबली (129) ने शतकीय पारी खेली। इसके जवाब में यूएई की टीम 25 ओवरों में 87 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश ने पहली बार अंडर-19 एशिया कप जीता है। भारत ने 8 और अफगानिस्तान ने 1 बार यह टूर्नामेंट जीता है।

नाथन लियोन ने टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 500 विकेट

कराची, ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन ने टेस्ट क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। लियोन के टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट पूरे हो गए हैं। लियोन यह कारनामा करने वाले विश्व के आठवें और ऑस्ट्रेलिया के तीसरे गेंदबाज हैं। लियोन ने यह उपलब्धि पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान हासिल की। लियोन ने 500वें विकेट के रूप में पाकिस्तान के बल्लेबाज फहीम अशरफ को आउट किया।

हरियाणा पहली बार बना विजय हजारे ट्रॉफी का चैंपियन

राजकोट, हरियाणा ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में हरियाणा ने राजस्थान को 30 रन से हराया। हरियाणा ने पहली बार इस ट्रॉफी पर कब्जा किया है।

मैच में हरियाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 287 रन बनाये। हरियाणा के लिए सलामी बल्लेबाज अंकित कुमार ने 88 और कप्तान अशोक मनेरिया ने 70 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम की शुरुआत खराब रही। टीम के 3 विकेट महज 12 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद सलामी बल्लेबाज अभिजीत तोमर (106) ने एक छोर संभाला और शानदार शतक बनाया।

अभिजीत ने दीपक हुड्डा (20) और कुणाल सिंह राठौर (79) के साथ मिलकर उपयोगी साझेदारियां कीं। अभिजीत के आउट होते ही राजस्थान की पारी बिखर गई और टीम 257 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। हरियाणा के लिए सुमित कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए। सुमित को प्लेयर ऑफ द मैच तथा प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।

- **हरियाणा पहली बार फाइनल में पहुंचा और विजेता बना है।**
- **तमिलनाडु ने सबसे ज्यादा 5 बार जीता है यह टूर्नामेंट।**
- **मुंबई और कर्नाटक 4-4 बार बने हैं विजय हजारे ट्रॉफी के विजेता।**

बीसीसीआई ने रिटायर की धोनी की जर्सी

मुंबई, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की जर्सी नंबर 7 अब अन्य खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध नहीं होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने धोनी के संन्यास लेने के तीन साल बाद उनकी जर्सी को रिटायर करने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने कहा कि धोनी ने अपने पूरे कैरियर में जो जर्सी नंबर पहना है, उसे धोनी के सम्मान में रिटायर करने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले बीसीसीआई सचिन की जर्सी 10 नंबर को भी रिटायर कर चुका है। धोनी की कप्तानी में भारत ने वर्ष 2007 में आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप और वर्ष 2011 में आईसीसी वन-डे विश्वकप जीता था।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच

भारतीय महिला टीम ने दर्ज की सबसे बड़ी जीत

मुंबई, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टेस्ट क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम ने मुंबई में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 347 रन से हराकर महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। भारतीय टीम के लिए दीप्ति शर्मा ने मैच में अर्धशतक लगाया और 9 विकेट झटके।

मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। भारतीय टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहीं सतीष सुभा (69) और जेमिमाह रोड्रिग्ज (68) ने सलामी बल्लेबाजों के जल्द आउट होने के बाद पारी को संभाला। इन दोनों के बाद यास्तिका भाटिया (66) और दीप्ति शर्मा (67) ने भी अर्धशतक बनाये, वहीं हरमनप्रीत कौर ने 49 रनों की पारी खेली। भारतीय टीम ने पहली पारी में 428 रन बनाये। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 136 रन ही बना सकी। इंग्लैंड के लिए नेट साइवर ब्रंट ने 59 रन बनाये, वहीं भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने 5 विकेट लिए।

पहली पारी में 292 रनों की बढ़त मिलने के बाद भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 6 विकेट खोकर 186 रन बनाये और पारी घोषित की। इंग्लैंड को दूसरी पारी में जीत के लिए 479 रनों का लक्ष्य मिला। इस विशाल लक्ष्य के सामने इंग्लैंड की टीम दबाव में नजर आयी। भारतीय टीम की शानदार गेंदबाजी के सामने इंग्लैंड की कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं पाई और इंग्लिश टीम 131 रन ही बना सकी। दीप्ति ने दूसरी पारी में 4 विकेट झटके। दीप्ति को शानदार प्रदर्शन के लिये प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

- **टेस्ट क्रिकेट में भारतीय महिला टीम की यह सबसे बड़ी जीत है।**
- **इससे पहले यह रिकॉर्ड श्रीलंका की महिला टीम के नाम था।**
- **भारतीय महिला टीम ने 9 वर्ष बाद टेस्ट मैच जीता है।**
- **इससे पहले भारत ने नवंबर 2014 में दक्षिण अफ्रीका को पारी और 34 रन से हराया था।**
- **हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने पहली बार जीता है टेस्ट मैच।**

आईटीएफ वर्ल्ड चैम्पियन पुरस्कार

जोकोविच ने जीता पुरस्कार

लंदन, सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ (आईटीएफ) ने वर्ष 2023 के लिए आईटीएफ वर्ल्ड चैम्पियंस अवॉर्ड से सम्मानित किया है, वहीं महिला वर्ग में बेलारूस की आर्यना सबालेंका को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों को वर्ष 2023 में चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल वर्ग में कम से कम सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

नोवाक जोकोविच ने वर्ष 2023 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस सत्र में जोकोविच ने 4 में से 3 ग्रैंडस्लैम सहित 7 टूर्नामेंट जीते हैं। जोकोविच फ्रेंच ओपन, ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन में विजेता बने, जबकि विम्बलडन के फाइनल में उन्हें कार्लोस अलकराज के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

आर्यना सबालेंका के लिए भी यह सत्र काफी शानदार रहा। सबालेंका ने इस सत्र में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता, जोकि उनके टेनिस कैरियर का पहला ग्रैंडस्लैम खिताब है। इसके अलावा सबालेंका यूएस ओपन में उपविजेता बनीं। सबालेंका ने फ्रेंच ओपन और विम्बलडन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी।

- **नोवाक जोकोविच ने टेनिस में सबसे ज्यादा 24 ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं।**
- **जोकोविच ने रिकॉर्ड आठवीं बार एटीपी रैंकिंग में पहले स्थान पर रहते हुए सत्र का अंत किया है।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

कोरोना के नए वैरिएंट पर डब्ल्यूएचओ ने ज़ाहिर की चिंता

सांस संबंधी बीमारियों के बढ़ने और कोरोना के नए सब वैरिएंट जे.एन.1 को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सदस्य देशों को आगाह किया है। डब्लूएचओ ने कहा है कि वायरस अपना स्वरूप बदल रहे हैं। ऐसे में सभी सदस्य देश अपने यहां मजबूत सर्विलांस रखें ताकि बीमारियों के प्रसार को रोका जा सके। डब्लूएचओ ने कोविड-19 पर संगठन की टेक्निकल लीड मारिया वान केरखोव का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। इस वीडियो में केरखोव ने सांस संबंधी बीमारियों के फैलने की वजह बताई है और इन्हें रोकने के लिए क्या सावधानी रखने की जरूरत है, उसकी भी जानकारी दी है।

कड़ी निगरानी करने की जरूरत

मारिया वान केरखोव ने भी सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि सांस संबंधी बीमारियां दुनिया में लगातार बढ़ रही हैं। इनमें कोरोना वायरल, फ्लू, रिनो वायरस, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और अन्य बीमारियां शामिल हैं। सार्स कोव-2 लगातार अपने आप को बदल रहा है। कोरोना का सब वैरिएंट जेएन.1 भी फैल रहा है। केरखोव ने कहा कि सांस संबंधी बीमारियों के फैलने की कई वजह है, इनमें एक मौजूदा छुट्टियों का सीजन भी है, जिसमें परिवार इकट्ठा होते हैं और बड़ी संख्या में लोग यात्राएं करते हैं। ऐसे में सरकारों को कड़ी निगरानी करने की जरूरत है।

पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव के लिए आयोग्य हुए साबित

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए वर्ष 2024 में चुनाव होना है। लेकिन पूर्व राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप को अयोग्य साबित कर दिया है। दरअसल साल 2020 में ट्रंप राष्ट्रपति पद के चुनाव में जो बाइडेन से हार गए थे। उसके बाद 6 जनवरी, 2021 को ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के लोगों ने वॉशिंगटन डीसी में कैपिटल हिल बिल्डिंग पर धावा बोल दिया था, जहां अमेरिकी कांग्रेस की कार्यवाही चलती है। उस हमले से पहले ट्रंप ने अपने समर्थकों को संबोधित किया था। उसी घटना के चलते कोलोराडो के सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप को अमेरिकी संविधान से बगावत का दोषी करार दिया।

अमेरिकी संविधान में क्या है नसरेक्शन क्लॉज

अमेरिका में सिविल वॉर के बाद 1868 में संविधान में 14वां संशोधन किया गया था। उसके जरिए उन लोगों को नागरिक अधिकार दिए गए थे, जो पहले गुलाम हुआ करते थे। लेकिन इसके जरिए उन लोगों को अमेरिकी कांग्रेस का मेंबर बनने से भी रोका गया था, जिन्होंने अमेरिकी सरकार के खिलाफ विद्रोह की आवाज उठाई थी। 14वें अमेंडमेंट का सेक्शन 3 इसी पहलू से जुड़ा है। यह क्लॉज अमेरिकी कांग्रेस, सेना, केंद्र और राज्यों के ऐसे अधिकारियों को अमेरिकी कांग्रेस और सरकार में आने से रोकता है।

(स्रोत: संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

सूरत डायमंड बोर्स नए भारत की क्षमताओं और संकल्पों का प्रतीक है - श्री मोदी

प्रधानमंत्री ने दुनिया के सबसे बड़े सूरत डायमंड बोर्स का किया लोकार्पण

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के सूरत में दुनिया के सबसे बड़े सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सूरत शहर की भव्यता में हीरे जैसी एक और नई विशेषता जुड़ गई है। यह कोई साधारण हीरा नहीं है, बल्कि दुनिया का सबसे बेहतरीन हीरा है। श्री मोदी ने कहा कि सूरत डायमंड बोर्स की भव्यता दुनिया की सबसे बड़ी इमारतों से भी शानदार है। सूरत डायमंड बोर्स अब दुनिया में हीरे के बाजारों से जुड़ी चर्चा के दौरान भारत के गौरव के साथ सामने आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, सूरत डायमंड बोर्स भारतीय डिजाइनों, डिजाइन करने वालों, सामग्री और विचारों की क्षमताओं को प्रदर्शित करता है। यह भवन नए भारत की क्षमताओं और संकल्पों का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका प्रयास की भावना का उल्लेख करते हुए कहा कि सूरत की मिट्टी इसे दूसरों से अलग करती है।

सूरत दुनिया के सबसे बड़े जहाजों का विनिर्माण केंद्र

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में उत्पादित कपास बेजोड़ है। सूरत की उतार-चढ़ाव की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि जब अंग्रेज पहली बार भारत आए, तो सूरत की भव्यता ने उन्हें आकर्षित किया। उन्होंने उस समय को याद किया जब सूरत दुनिया के सबसे बड़े जहाजों का विनिर्माण केंद्र था और सूरत के बंदरगाह पर 84 देशों के जहाजों के झंडे लहराते थे। उन्होंने कहा, अब यह संख्या बढ़कर 125 हो जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा, सूरत के लोग मोदी की गारंटी को बहुत लंबे समय से जानते हैं।उन्होंने कहा कि हीरा सर्राफा बाजार सूरत के लोगों के लिए मोदी की गारंटी का एक उदाहरण है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने डायमंड बोर्स का उद्घाटन किया

डायमंड बोर्स एक नजर में

- 35.54 एकड़ भूमि में हुआ निर्माण।
- 3400 करोड़ रुपये है लागत।
- 4,500 से अधिक इंटरकनेक्टेड कार्यालय हैं इमारत में।
- इमारत में 175 देशों के 4,200 व्यापारी मिलकर करेंगे काम।
- लगभग 1.5 लाख लोगों को रोज़गार के अवसर।

मिलेंगे रोजगार के अवसर

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस यात्रा ने सूरत डायमंड बोर्स, के रूप में एक बड़े हीरा केंद्र को जन्म दिया है, जिससे एक ही छत के नीचे हीरे के व्यापार के कई आयाम संभव हो गए हैं। उन्होंने कहा, ''कारीगर, कामगार और व्यवसायी, सभी के लिए, सूरत डायमंड बोर्स वन-स्टॉप शॉप बन गया है''। उन्होंने बताया कि बोर्स में अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, सुरक्षित वॉल्ट और ज्वेलरी मॉल जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे 1.5 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी। प्रधानमंत्री ने कहा, कि अब मोदी ने गारंटी दी है कि तीसरी पारी में भारत दुनिया की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में होगा।

भारत से विवाद के बाद कनाडा की जनता जस्टिन ट्रूडो से नाराज

ग्लोबल न्यूज सर्वे की रिपोर्ट

- वर्ष 2015 से प्रधानमंत्री पद पर हैं जस्टिन ट्रूडो।
- वर्ष 2025 में कनाडा में प्रस्तावित है प्रधानमंत्री का चुनाव।
- कनाडा की लिबरल पार्टी से जुड़े हैं ट्रूडो।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में जब से भारत से विवाद किया है, तब से उनकी राजनीतिक साख गिर रही है। एक सर्वे के मुताबिक, दो-तिहाई से अधिक कनाडा के लोग चाहते हैं कि 2024 में चुनाव से पहले जस्टिन ट्रूडो को प्रधानमंत्री पद की कुर्सी छोड़ देनी चाहिए। अगर वो नहीं छोड़ते हैं, तो फिर वो दूसरा विकल्प भी खोजेंगे। ग्लोबल न्यूज ने ये सर्वे हाल ही में किया है, जिसने कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के लिए बड़ी चिंताएं खड़ी की है। ग्लोबल न्यूज में इस नए सर्वेक्षण के अनुसार, 69 प्रतिशत कनाडाई नागरिकों का मानना है कि प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को 2024 में इस्तीफा दे देना चाहिए। अधिकांश कनाडियाई चाहते हैं कि लिबरल पार्टी को अपने सहयोगियों को बदल देना चाहिए।

बंधकों की रिहाई की बातचीत के बीच इजराइल में हमले हुए तेज

बंधकों की रिहाई के लिए हमास के साथ बातचीत की कोशिशें तेज होने के बीच इजराइल ने गाजा में जमकर बमबारी की। ताजा हमलों में 40 लोग मारे गए जबकि दर्जनों अन्य घायल हुए हैं। इस बीच, इजराइल प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लगातार हमले जरूरी बताते हुए सेना को आक्रामक रहने को कहा है। गाजा में घुसे इजराइल सैनिकों ने हमास की एक चार किलोमीटर लंबी सुरंग का पता लगाया है। दूसरी तरफ, बंधकों की रिहाई के इजराइल सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए तेलअवीव में प्रदर्शन किए गए। प्रदर्शन ऐसे समय पर हुए जबकि एक दिन पहले ही खबर आई थी कि इजराइल सैनिकों ने सफेद झंडा दिखाए जाने के बाद भी हमला किया, जिसमें तीन इजराइली सैनिक मारे गए। इजराइली खुफिया एजेंसी के प्रमुख डेविड बार्निया ने यूरोप में कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से मुलाकात की है। इसे बंधकों की रिहाई के लिए हमास के साथ वार्ता के नए दौर के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है।

अमेरिकी संसद में समोसा के बाद हिंदू कॉकस का हुआ प्रवेश

अमेरिकी संसद के भारतीय मूल के प्रतिनिधियों का एक समूह समोसा कॉकस कहलाता है। यह समूह भारत से जुड़े मुद्दे संसद में उठाता है। अब अमेरिकी संसद में हिंदू कॉकस बना है। सांसदों का यह समूह हिंदू हितों की रक्षा के लिए काम करेगा।यह समूह अमेरिकी संसद में ऐसे कानूनों के लिए जोर लगाएगा जो हिंदुओं के लिए लाभप्रद होंगे। इस कॉकस की अब आधिकारिक घोषणा हो गई है। अमेरिकी संसद के संदर्भ में कॉकस सांसदों के ऐसे समूह को कहा जाता है जो समान हितों के लिए साथ आते हैं। ये सांसद इन हितों की पूर्ति कानूनी तरीके से करने के लिए 'कॉकस' का गठन करते हैं। इन कॉकस में अलग-अलग पार्टियों के सदस्य भी होते हैं। एक तरह से यह एक 'दबाव समूह' के तौर पर काम करते हैं। कॉकस के सदस्य एक साथ मिलकर संसद में ऐसे कानूनों को लाते हैं जो उनके उन हितों को कानूनी रूप से लाभ पहुँचा सकें जिसके लिए इसका गठन किया जाता है।

गठन की आधिकारिक घोषणा

हिंदू कॉकस के गठन के लिए काफी समय से प्रयास चल रहे थे। हाल ही में भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद थानेदार ने भी इसकी वकालत की थी। अब अमेरिकी सांसद पीट सेशंस और एलिसी स्टेफनिक ने हिंदू कॉकस के गठन की आधिकारिक घोषणा की है। इस कॉकस की अध्यक्ष एलिसी स्टेफनिक हैं। उनकी अध्यक्षता में यह कॉकस अमेरिकी हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए काम करेगा। साथ ही यह भारतीय-अमेरिकी हिंदू समुदाय के मूल्यों को आगे बढ़ाएगा।

इस कॉकस में यह देश हैं शामिल

इस हिन्दू कॉकस के माध्यम से भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान और अमेरिका तथा नीदरलैंड के हिंदुओं का प्रतिनिधित्व किया जाएगा। इस कॉकस के माध्यम से मात्र हिंदू ही नहीं बल्कि सिख, जैन और बौद्ध अनुयायियों के हितों की वकालत भी की जाएगी। यह कॉकस खुले व्यापार, सरकार के कम हस्तक्षेप, खर्चे में सूझबूझ और पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने तथा तानाशाही का विरोध करने वाली विदेश नीति के पक्ष में कार्य करता है।

विशिष्ट उपलब्धियों के लिये मिला सम्मान

इसरो को मिला प्रतिष्ठित लीफ एरिक्सन लूनर पुरस्कार

आइसलैंड के हुसाविक संग्रहालय ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को प्रतिष्ठित लीफ एरिक्सन लूनर पुरस्कार से नवाजा है। यह सम्मान विशेष रूप से चंद्रयान-3 मिशन के लिए दिया गया है। इस दौरान चंद्रमा के लिए खोजी मिशन पर लगातार आगे बढ़ने और आकाशीय रहस्य बूझने में अहम योगदान के लिए इसरो के समर्पण और उत्साह को भी सराहा गया। भारतीय दूतावास ने बताया कि राजदूत बालासुब्रमण्यम श्याम ने इसरो की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने भी अपना संदेश भेजा। इसी तरह विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने लीफ एरिक्सन लूनर सम्मान के लिए बयान जारी किया और इसरो को शुभकामनाएं दीं। डॉ. जयशंकर ने कहा कि चंद्रयान 3 देश की प्रतिष्ठा को और बढ़ाता रहेगा। उल्लेखनीय है कि लीफ एरिक्सन को क्रिस्टोफर कोलंबस से 400 साल पहले अमेरिका महाद्वीप पर पहुंचने वाला यूरोपीय माना जाता है। उन्हीं के नाम पर यह सालाना पुरस्कार दिया जाता है।

चंद्रयान 3 और अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती ताकत

- 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 को उतारने वाला भारत दुनिया का पहला देश बना, चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग करवाने वाले भी हम अमेरिका, रूस और चीन के बाद चौथे देश बने।
- चंद्र सतह पर सफल लैंडिंग के बाद लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान ने विभिन्न निर्देशित कार्य व परीक्षण अंजाम दिए।
- लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग में अहम भूमिका निभाने के बाद प्रोपल्शन मॉड्यूल ने चंद्रमा की परिक्रमा कर अहम डाटा भेजे।
- इसे वापस पृथ्वी की कक्षा में लौटाने का अनूठा परीक्षण भी सफलता से अंजाम दिया गया।
- इस सफलता ने चंद्रमा की चट्टानों के सैंपल लाने के लिए भावी चंद्र मिशन में इसरो का आत्मविश्वास बढ़ाया।
- चंद्रयान 3 के तुरंत बाद भारत ने 2 सितंबर, 2023 को सूर्य के अध्ययन के लिए पहला मिशन आदित्य एल1 भेजा।
- यह नए साल के पहले 10 दिनों में अपनी कक्षा में स्थापित हो सकता है।

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक - विवेक पोरवाल, मुद्रक - विवेक पोरवाल द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।